रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/98 REGISTERED NO. DL—33001/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 32] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 8, 1998 (श्रावण 17, 1920)
No. 32] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 8, 1998 (SRAVANA 17, 1920)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

बैंक ऑफ बड़ौदा

प्रधान कार्यालय,

बड़ौदा, दिनांक 21 अप्रैल 1998

सं० एचओ/ओएसआर एवं आईआर/ए/10 : 13 : 871—बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बैंक ऑफ बड़ौदा का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 में आगे संशोधन करने के लिए एतद्‌द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

(1) ये विनियम बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) (संशोधन) विनियम, 1998 कहलाएंगे ।

(2) इन विनियमों में "अन्यथा" स्पष्ट रूप से उपबंधितानुसार, ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम 1976 विनियम 4 (जिसे इसके बाद मूल विनियम कहे जाएंगे) में खंड (डी) के बाद "लघु दंड" शीर्षक के तहत निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा; अर्थात् :

(क) "(ई) अधिकारियों के पेंशन को बिना प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए और बिना संचयी प्रभाव से तीन वर्ष तक की अवधि के लिए निम्न वेतनमान में किसी चरण में अवनति" ;

(ख) "बड़े दण्ड" शीर्षक के तहत खण्ड (ई), (एफ), (जी) एवं (एच) का पुनः नंबरिंग करके क्रमशः खण्ड (जी), (एच), (आई) एवं (जे) किया जाएगा ।

(ग) खण्ड (जी) को पुनः नंबरिंग करने से पहले निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा, अर्थात् :
"(एफ) उपरोक्त (ई) में किसी निर्धारित अवधि हेतु किसी समय वेतनमान में निम्न चरण में अवनति हेतु किए गए प्रावधान को इन दिशा निर्देशों के साथ, कि अधिकारी ऐसी अवनति की अवधि के दौरान वार्षिक वेतनवृद्धि अर्जित करेगा या नहीं तथा क्या ऐसी अवधि की समाप्ति के बाद यह उसकी भविष्य की वेतनवृद्धि को आगे बढ़ाने में प्रभावित करेगी या नहीं, बरकरार रखा जाए।"

(घ) पुनः नंबरिंग किए गए (जी) खण्ड हेतु निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा : "(जी) निम्न श्रेणी या पद पर अवनति"।

3. मूल विनियमों को विनियम 6 के उप विनियम (1) में विनियम 4 के खण्ड (ई), (एफ), (जी) एवं (एच) शब्द, कोष्ठक एवं अंक को विनियम 4 के खण्ड (एफ), (जी), (एच), (आई) एवं (जे) शब्द, कोष्ठक एवं अंक से प्रतिस्थापित किया जाए।

4. मूल विनियमों के विनियम 8 के उप विनियम (1) में विनियम 4 के खण्ड (ए) से (डी) शब्द, कोष्ठक एवं अंक को विनियम 4 के खड शब्द, कोष्ठक एवं अंक (ए) से (ई) से प्रतिस्थापित किया जाए।

5. मूल विनियम के विनियम 17 के उप विनियम (11) के प्रथम परंतुक में विनियम 4 के खण्ड (ई), (एफ), (जी) एवं (एच) शब्द, कोष्ठक एवं अंक को विनियम 4 के खण्ड (एफ), (जी), (एच), (आई) एवं (जे) शब्द, कोष्ठक, एवं अंक से प्रतिस्थापित किया जाए।

6. मूल विनियमों के विनियम 18 के प्रथम परन्तुक में विनियम 4 के खण्ड (ई), (एफ) (जी), और (एच) शब्द, कोष्ठक एवं अंक को विनियम 4 के खण्ड (एफ), (जी) (एच), (आई) या (जे) शब्द, कोष्ठक एवं अंक से प्रतिस्थापित किया जाए।

ए० बी० चोपड़ा
उप महाप्रबंधक (कार्मिक व अं० स०)

दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड
एकाउन्टेन्ट्स आफ इण्डिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 24 जुलाई, 1998

नं० 13-सी० ए० (परीक्षा)/एम/98 :—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन 1988 के रेगूलेशन 22 के अनुसार दि कौंसिल ऑफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया को अधिसूचना जारी करने में प्रसन्नता है कि फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल की परीक्षाएं निम्नलिखित तिथियों तथा केन्द्रों पर होंगी, बशर्ते कि प्रत्येक केन्द्र में परीक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में परीक्षार्थी निवेदन करते हैं।

फाउंडेशन परीक्षा :—

पाठ्यक्रम चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन, 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "1ए" के अनुसार।

7, 9, 10 और 11 नवम्बर, 1998

इन्टरमीडिएट परीक्षा :—

पाठ्यक्रम—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन, 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "2ए" के अनुसार

ग्रुप I 2, 3 और 5 नवम्बर, 1998

ग्रुप II 6, 7 और 9 नवम्बर, 1998

फाईनल परीक्षा :—

पाठ्यक्रम—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "3ए" के अनुसार।

ग्रुप I 2, 3, 5 और 6 नवम्बर, 1998

ग्रुप II 7, 9, 10 और 11 नवम्बर 1998

परीक्षा केन्द्र

(1) भारत में परीक्षा केन्द्र :—

1. आगरा
2. अहमदाबाद
3. अजमेर
4. इलाहाबाद
5. एलप्पी
6. अम्बाला
7. आसनसोल
8. औरंगाबाद
9. बंगलौर
10. बड़ौदा
11. बेलगांव
12. भोपाल
13. भुवनेश्वर
14. कलकत्ता
15. कालीकट
16. चण्डीगढ़
17. चेन्नई (मद्रास)
18. कोयम्बटोर
19. कटक
20. देहरादून
21. दिल्ली/नई दिल्ली
22. एरनाकुलम
23. गुवाहाटी
24. गाजियाबाद

25. गोधा
26. ग्वालियर
27. हिसार
28. हैदराबाद
29. इंदौर
30. जबलपुर
31. जयपुर
32. जम्मू
33. जमशेदपुर
34. जोधपुर
35. कानपुर
36. कोटा
37. कोट्टायम
38. लखनऊ
39. लुधियाना
40. मदुराई
41. मंगलौर
42. मेरठ
43. मुम्बई (बम्बई)
44. मैसूर
45. नागपुर
46. नासिक
47. पटना
48. पूना
49. रायपुर
50. राजकोट
51. रांची
52. सेलम
53. शिमला
54. सिलिगुड़ी
55. सूरत
56. तिरूचिरापल्ली
57. त्रिचूर
58. त्रिवेन्द्रम
59. उदयपुर
60. वाराणसी
61. विजयवाड़ा
62. विशाखापटनम
63. यमुनानगर

(2) विदेशों में परीक्षा केन्द्र

1. दुबई ।*
2. काठमांडू (नेपाल) ।

*केवल इण्टरमीडिएट और फाईनल की परीक्षाएं दुबई केन्द्र पर होगी ।

परीक्षा शुल्क की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा इंस्टीट्यूट के सचिव के पक्ष में होनी चाहिए और उसका अदायगी नई दिल्ली पर हो ।

परिषद अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को बिना कोई कारण दिये रद्द कर सकती है ।

उक्त परीक्षाओं के लिए आवेदन निर्धारित आवेदन पत्रों पर ही किया जाना चाहिए जो कि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया के अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली स्थित कार्यालय से 20 रुपये प्रति आवेदन पत्र भुगतान करने पर मिल सकता है । उपर्युक्त प्रमाण पत्रों और शुल्क के साथ डिमांड ड्राफ्ट लगाकर आवेदन पत्र इस प्रकार भेजा जाना चाहिए कि वह अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के कार्यालय में 26-8-1998 तक पहुंच जायें । आवेदन पत्र अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के दिल्ली कार्यालय में 26-8-1998 के बाद 2-9-1998 तक 50/- रुपये विलम्ब शुल्क के साथ भी स्वीकार किए जायेंगे । 2-9-1998 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा । आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के कार्यालय नई दिल्ली में स्वयं भी आकर दिया जा सकता है, या रीजनल काउंसिलों के मुम्बई (मुम्बई), चेन्नई (मद्रास), कलकत्ता, कानपुर तथा ब्रांच अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद, पूना और जयपुर के कार्यालयों में 26-8-1998 तक जमा कराया जा सकता है । इन नगरों में रहने वाले परीक्षार्थियों को इस सुविधा का फायदा उठाने की सलाह दी जाती है ।

विभिन्न परीक्षाओं के लिए देय शुल्क इस प्रकार है :—

फाउन्डेशन परीक्षा (शुल्क)	रुपये 375/-
इण्टरमीडिएट परीक्षा	
दोनों ग्रुपों के लिए	रुपये 525/-
केवल एक ग्रुप के लिए	रुपये 300/-
यूनिट एक*	रुपये 300/-
यूनिट दो*	रुपये 300/-
यूनिट तीन*	रुपये 225/-
यूनिट चार*	रुपये 300/-

*इकाई यूनिट शब्दावली का आशय पेपर्स के उस समूह से है जिसे उन अभ्यर्थियों को, जो चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स इण्टरमीडिएट नियमावली की अनुसूची "बी" के अनुछेद 2 "ए" में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा आरंभ होने से पूर्व दोनों ग्रुपों को पास नहीं कर सके हैं और एक ही ग्रुप में उत्तीर्ण हुए हैं, परीक्षा में बैठना है, और पास करना है ।

फाईनल परीक्षा

दोनों ग्रुपों के लिए	रुपये 600/-
केवल एक ग्रुप के लिए	रुपये 350/-
**इकाई यूनिट-2 पेपर तक	रुपये 275/-
**इकाई यूनिट-2 पेपर से अधिक तथा 4 पेपरों तक सीमित	रुपये 350/-
**इकाई यूनिट-5 पेपर व उससे अधिक	रुपये 600/-

**यूनिट शब्दावली का आशय पेपरों के उस समूह से है जिसे उन अभ्यार्थियों को जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन 1964 के अन्तर्गत शेड्यूल "बी" और (बी बी) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नवम्बर, 1986 से पूर्व एक या एक से अधिक ग्रुप पास कर चुके है लेकिन सभी ग्रुप पास नहीं किये हैं को अब चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगूलेशन 1988 के शेड्यूल "बी" के अनुच्छेद "3ए" में शेष अनुरूप पेपरों में एक साथ बैठना है और पास करना है।

मुबई केन्द्र में बैठने वाले इंटरमीडिएट और फाईनल के परीक्षार्थियों को क्रमशः अमेरिकन $ 60 और अमेरिकन $ 80 या इसके सममूल्य की भारतीय मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक पेपर या एक ग्रुप या एक इकाई (यूनिट) या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

काठमांडू केन्द्र से बैठने वाले फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाईनल के परीक्षार्थियों को रूपये 750-X उसके सममूल्य की विदेशी मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक पेपर, एक ग्रुप, एक यूनिट या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

हिन्दी में उत्तर लिखने की एच्छिकता

फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाईनल परीक्षाओं के उम्मीदवारों को उत्तर हिन्दी माध्यम से भी देने की सुविधा दी जाती है। विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र के साथ संलग्न सूचना पत्र में उपलब्ध है।

जगदम्बा प्रसाद
अतिरिक्त सचिव (परीक्षा)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

भूवनेश्वर, दिनांक :

विषय : कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत आई० डी० एल० केमिकल्स (सोना पर्वत) राऊरकेला क्षेत्र के लिए स्थानीय समिति का पुनर्गठन।

सं० 44-बी०34/12/12/82-हित०—एतदद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 10-क के अन्तर्गत जिला सुन्दरगढ़, उड़ीसा में आई० डी० एल० के केमिकल्स (सोना पर्वत), राउरकेला क्षेत्र की स्थानीय समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे। यह समिति अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी।

1. विनियम 10-क (1) (क) के अन्तर्गत
उप जिलाधिकारी, सुन्दरगढ़ — अध्यक्ष

2. विनियम 10-क (1) (ख) के अन्तर्गत
जिला श्रम अधिकारी, राउरकेला — सदस्य

3. विनियम 10-क (1) (ग) के अन्तर्गत
प्रभारी बीमा चिकित्सा अधिकारी — सदस्य
कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय,
आई० डी० एल० केमिकल्स लिमिटेड,
राऊरकेला

4. विनियम 10-क (1) (घ) के अन्तर्गत

1. श्री बी० बी० पाढ़ी, रेजाडेंट चिकित्सा अधिकारी — सदस्य
कार्यालय मैसर्स आई० डी० एल०
इण्डस्ट्रीयल लिमिटेड,
राऊरकेला-16, सुन्दरगढ़

2. श्री सी० आर० नन्दा, कनिष्ठ कार्यपालक (आई० आर०) — सदस्य
मैसर्स आई० डी० एल० इन्डस्ट्रीज लिमिटेड,
राऊरकेला-16

5. विनियम 10-क (1) (ङ) के अन्तर्गत

1. श्री अरूण कुमार परिडा, सचिव — सदस्य
इण्डियन डेटोनेटर्स मजदूर सभा
आई० डी० एल० मार्ग, राऊरकेला
जांगरपल्ली, सुन्दरगढ़

2. श्री आर० सी० सुतार, सचिव — सदस्य
आई० डी० एल० केमिकल्स वर्कर्स यूनियन,
ग्राम : बालाजोडी, डाकघर : सोनापर्वत,
थाना : जांगरपल्ली, राऊरकेला, सुन्दरगढ़

6. विनियम 10-क (1) (च) के अन्तर्गत
प्रबन्धक, स्थानीय कार्यालय, कर्मचारी
बीमा निगम, राऊरकेला — सदस्य सचिव (पदेन)

यू० एच० राव,
क्षेत्रीय निदेशक
कर्मचारी राज्यबीमा निगम, उड़ीसा

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुबई, दिनांक 14 जुलाई, 1998

सं० यू टी/डीबीडीएम/आर-121/एस० पी० डी-98/97-98—भारतीय यूनिट ट्रस्ट, अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अन्तर्गत बनाए गए यूटीआई-लघु निवेशक फण्ड का पेशकश दस्तावेज, जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत बनाई गई यूनिट योजना, यूटीआई-लघु निवेशक योजना के सम्बन्ध में है, जिसे 21 जनवरी, 1998 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए० जी० जोशी,
मुख्य महाप्रबन्धक,
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

यूटआई–लघु निवेशक फण्ड

पेशकश (आफर) दस्तावेज

पेशकश 25 मई, 1998 से 8 जुलाई, 1998 तक खुली है

यूटीआई–लघु निवेशक फण्ड भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अन्तर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत यूटीआई के न्यासी मण्डल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, यूटीआई लघु निवेशक फण्ड के सम्बन्ध में है ।

●प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फण्ड) विनियम 1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अनुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है ।

प्लान का उद्देश्य

यह प्लान मुख्यतः अल्प निवेशयोग्य बचत वाले व्यक्तियों के लिए जो निवेश की जोखिमों को उठाए बिना पूंजी का निर्माण करना चाहते हैं । इसी प्रकार प्लान का उद्देश्य अधिकतम आय अर्जित करना है जो कि ऋण पोर्टफोलियो में उच्च स्तर की सुरक्षा के साथ निवेश के माध्यम से सम्भव है ।

विशिष्टताएं

●एक अन्तराल–ऋण फण्ड ।

●यूनिटों की बिक्री पेशकश अवधि के दौरान सम–मूल्य पर और उसके बाद एनएवी पर । प्रारम्भिक पेशकश अवधि के बन्द होने के एक माह बाद फण्ड बिक्री हेतु पुनः खुलेगा ।

●पुनर्खरीद भी आरम्भिक पेशकश अवधि बन्द होने के एक माह बाद होगी । निवेश की तिथि से तीन वर्ष के भीतर पुनर्खरीद एनएवी पर 2 प्रतिशत घट्टे पर होगी । उसके बाद पुनखरीद एनएवी पर होगी ।

●पूंजी निर्माण के उद्देश्य के अनुरूप, प्लान कोई आय वितरण नहीं करेगा । पूंजी में वृद्धि एनएवी पर दिखाई पड़ेगी ।

●निवासी वयस्क व्यक्तियों/सांकेतिक रूप से विकलांग व्यक्तियों/अवयस्कों/एचयूएफ/समितियों/व्यक्तियों के संघ/व्यक्ति निकायों के लिए खुला है ।

●न्यूनतम निवेश रु० 1000/– और उसके बाद रु० 500/– के गुणकों में ।

●पूंजी वृद्धि से पूंजी अभिलाभ पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 एवं 112 के अन्तर्गत करलाभ ।

जोखिम के तत्व

● प्लान के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और उसका कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता कि निधि के उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया जाएगा । प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना प्लान के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों का प्रभाव के ऊपर निर्भर करता है ।

●पूर्व योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है ।

● यूटीआई-लघु निवेशक फंड केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान को गुणवत्ता इसके भावी संभावनाओं एवं आय की ओर संकेत नहीं देता है । निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले वे पेशकश की शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें ।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 33 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 5 करोड़ से अधिक निवेशकों से लगभग 58,000 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है ।

लक्ष्य निवेशक एवं योजना का कार्यान्वयन

योजना समाज के गरीब तबके के लोगों के लिए बनाई गई है––जिन्हें सामान्यतः सभी वित्तीय संस्थाओं ने नजर-अंदाज किया––जो अपनी छोटी बचतों के द्वारा पूंजी निर्माण करना चाहते हैं । योजना गैर-सरकारी संस्थाओं जैसी मध्यस्थ संस्थाओं के सहयोग से चलाई जाएगी । मध्यस्थ संस्थाएं-जिनके पूर्ववृत्त का सत्यापन यूटीआई–द्वारा किया जाएगा । और उनकी योजना के परिचालन में खास दायित्व होंगे जो इस प्रकार हैं :––

बिक्री सौदे हेतु : मध्यस्थ संस्थाएं लघु निवेशकों से आवेदन पत्र एकत्र करेंगी एवं विधिवत् उत्थापन के पश्चात् यूटीआई के पास भेजेंगी । मध्यस्थ संस्थाएं हमारे द्वारा निर्दिष्ट आंकड़ा ढांचा का प्रयोग करके फ्लापी में आवेदन के विवरणों का संग्रह भी करेंगे एवं आवेदन पत्रों और लाट में विप्रेषित धन के साथ जमा करेंगे ।

पुनर्खरीद सौदे हेतु : पुनर्खरीद के आवेदन सामान्यतः मध्यस्थ संस्था के माध्यम से भेजे जाएंगे । सभी पुनर्खरीद भुगतान चेक द्वारा किया जाएगा । उन निवेशकों के मामले में जिनका बैंक खाता नहीं है, मध्यस्थ संस्थाएं संयुक्त आवेदक के रूप में निवेश करेंगी । सभी पुनर्खरीद चेक यूनिट-धारक के बैंक खाता विवरणों को दर्शाएंगे ।

यूटीआई की स्थापना

यूटीआई अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी । इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया ।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्ण-कालिक अध्यक्ष होता है ।

मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं । यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है ।

न्यासी मंडल

1. श्री जे० पी० गुप्ता	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2. डॉ० पी० जे० नायक	कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3. श्री एस० गुरुमूर्ति	कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक
4. श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
5. श्री एन० एम० सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्टस लि०
6. श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
7. श्री जी० कृष्णामूर्ति	वर्तमान प्रभारी एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम
8. श्री एम० एस० वर्मा	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9. श्री एन० वाघुल	अध्यक्ष, आईसीआईसीआई लि०
10. श्री रवीन्द्र जिलानी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक

यूटीआई—लघु निवेशक फंड का ब्यौरा

I. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरंभ :

(1) यह योजना यूटीआई—लघु निवेशक फंड कहा जाएगा।

(2) योजना प्रारंभ में बिक्री हेतु 25 मई, 1998 से 08 जुलाई, 1998 तक 45 दिनों के लिए खुली रहेगी । फंड पुनः बिक्री एवं पुनर्खरीद हेतु प्रारंभिक पेशकश अवधि के एक माह बाद पांच कार्य दिवसों का अवधि के लिए प्रत्येक माह के 10 तारीख से चालू होगा ।

बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल का कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय या युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं ।

II. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता–पिता के अलावा उन माता–पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो ।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की हुई हो और प्लान के खण्ड III के अंतर्गत आवेदन करता हो ।

(ङ) "पात्र व्यक्ति" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है ।

(च) "प्रारंभिक पेशकश अवधि" 25 मई, 1998 से 08 जुलाई, 1998 होगी जिसके दौरान यूनिटों सममूल्य पर बेची जाएंगी ।

(छ) "मध्यस्थ संस्थाएं" वे संस्थाएं हैं जिन्हें योजना के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा मध्यस्थों के रूप में कार्य करने हेतु मान्यता दी गई है ।

(ज) योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है, जिसे इस योजना में यूनिट आबंटित किए गए हों।

(झ) "मानसिक विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति जो ऐसी मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो ।

(ञ) "जारी समझे जाने वाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है ।

(ट) "व्यक्ति" में उपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है ।

(ठ) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें ।

(ड) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है ।

(ढ) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड ।

(ण) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है ।

(त) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है ।

(थ) "यूनिट पूंजी" का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है ।

(द) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है ।

(ध) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम / विनियमावली में दिये गये हैं ।

(न) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं । इस योजना के अन्य उपबंध पृष्ठ सं० 14 से पृष्ठ सं० 20 तक में दिए गए हैं ।

यू टी आई—लघु निवेशक योजना के अंतर्गत बनाये गए यू टी आई—लघु निवेशक फण्ड (यू टी आई एस आई एफ) के ब्यौरे यहां नीचे दिए जाते हैं :

I. परिभाषाएं :

शब्द जो प्लान में परिभाषित नहीं किये गये हैं तथा योजना और अधिनियम / विनियमों में परिभाषित किए गए हैं उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं

II. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा ।

III. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन निवासियों द्वारा ही किए जाने चाहिए ।

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त ।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक । बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकते हैं ।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रतिसंहरणीय और लिखित द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल है ।

(घ) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए कोई व्यक्ति । ऐसे आवेदन में वैकल्पिक आवेदक होना चाहिए जो ऐसे व्यक्ति की अनुपस्थिति में मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करने के योग्य हो ।

(ङ) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(च) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(छ) व्यक्तियों का निकाय / व्यक्तियों का संघ ।

(ज) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(झ) अन्य कोई श्रेणी जिसे ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा निश्चित किया जाए ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में किए जायेंगे ।

IV. न्यूनतम निवेश राशि

आवेदन न्यूनतम रु० 1000/- और उसके बाद रु० 500/- के गुणकों में किया जाना चाहिए । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी । यूनिटों का आवंटन भिन्नांक में दशमलव के बाद तीन अंकों तक किया जाएगा । रु० 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पी०ए०एन०/जी०आई० आर० संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करे ।

V. एकत्र की जानेवाली न्यूनतम लक्ष्य राशि :

प्रारंभिक पेशकश अवधि में योजना के अंतर्गत एकत्र की जाने वाली लक्ष्य राशि रु० 5 लाख होगी । अल्पाभिदान, यदि कोई हो, तो उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा ।

यदि रु० 5 लाख लक्ष्य राशि का अभिदान न हो, योजना के अंतर्गत एकत्र की गई सम्पूर्ण राशि को यूनिटों की बिक्री बन्द होने की तिथि से छः सप्ताह के भीतर ट्रस्ट द्वारा खाते में देय चेक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा धन वापस किया जाएगा ।

उक्त अनुबद्ध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा ।

6 खर्चों पर सीमा :

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 6% से अधिक नहीं होगा । योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.75
एजेंटों को कमीशन	1.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
स्टाम्प शुल्क	0.50
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा ।

प्रारंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा । अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.25
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
योग	2.25

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर होंगे ।

योजना का कुल वार्षिक आवर्ती व्यय आरंभिक निर्गम व्ययों एवं प्रतिशत व्ययों को छोड़कर परन्तु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमा के अधीन होंगे :

(i) प्रथम 100 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर — 2.25%

(ii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर — 2.00%

(iii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर — 1.75%

(iv) आस्तियों के शेष पर — 1.50%

प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान, सेबी (एम० एफ०) 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अंतर्गत उल्लिखित सीमा से अधिक नहीं होंगे, नामत :

(i) योजना के प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों का 1.25% जब तक कि शुद्ध आस्तियां रु० 100 करोड़ से अधिक नहीं हो जाती, और

(ii) रु० 100 करोड़ से ऊपर की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत, जहां इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियां रु० 100 करोड़ से अधिक हो ।

सेबी (म्यूचुअल फंड) अधिनियम 1996 के अनुसार, यू० टी० आई० निवेश प्रबंधन एवं परामर्श शुल्क पर कोई प्रभार नहीं लेता है। तथापि यू० टी० आई० द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्गम पूर्व व्यय एवं वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत दर्शाए गई सीमा के भीतर ही होंगे।

7. भुगतान विधि :

(1) (i) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। आवेदन चेक/ड्राफ्ट के साथ सामान्यतः यू०टी० आई० द्वारा मान्यता प्राप्त मध्यस्थ संस्था के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाए, जिस शहर में स्थित मध्यस्थ संस्थान में आवेदन जमा किया जाता है।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो ।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन, आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण

केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाएं । यदि इस प्लान के अंतर्गत आवेदन राशि न्यूनतम निवेश से कम है, तो सम्पूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगी ।

(2) (क) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटें जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर सकता है;

(i) यदि आवेदन रु० 1,000/– की न्यूनतम निवेश राशि से कम एवं उसके बाद रु० 500/– के गुणकों में प्राप्त न हुआ हो,

(ii) यदि आवेदन पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित न हो और

(ii) यदि आवेदक, योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो । योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा ।

(ख) अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किए जाने के योग्य है :

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी ।

अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राशि वापस की जाएगी ।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक को योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों पर, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना बाध्यकारी होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे न्यासों से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में ट्रस्ट विलेख, प्रबंध समिति का यूनिटें खरीदने संबंधी संकल्प, नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाण पत्र आदि जो निवेशक की श्रेणी पर निर्भर करेगा । ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी ।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा ।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और शेष वापस करे ।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिए राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

VIII यूनिटों की बिक्री :

प्रारंभिक पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी । प्रारंभिक पेशकश अवधि के बाद यूनिटों की बिक्री पेशकश के सप्ताह के तुरंत पिछले मूल्यांकन दिन को फंड के एन० ए० वी० पर की जाएगी । ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री–संविदा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी । बिक्री–संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र सदस्य को उनके विकल्प के अनुसार खाता विवरणी जारी करेगा । ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था और निगमित निकाय को जारी खाता विवरणी पात्र संस्था/निगमित निकाय के नाम से जारी करेगा । प्रेषित खाता विवरणी के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा ।

ट्रस्ट पेशकश अवधि बंद होने की तिथि से 6 हफ्तों के भीतर जैसा भी मामला हो खाता विवरणी भेजेगा ।

IX यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) प्लान के अंतर्गत पुनर्खरीद प्रारंभिक पेशकश अवधि बंद होने के एक माह बाद प्रारंभ होगी । पुनर्खरीद, प्रत्येक कैलेन्डर माह की 10वीं तारीख से 5 कार्यदिवसों की अवधि के लिए प्रारंभ होगी (कृपया इस संबंध में खंड X भी पढ़ें) । पहले तीन वर्षों के लिए पुनर्खरीद मूल्य एन० ए० वी० पर 2% बट्टे पर एवं उसके बाद एन० ए० वी० पर होगा । यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए लागू एन० ए० वी० की गणना तुरंत पिछले सप्ताह के समान की जाएगी । जब एक बार एन० ए० वी० की घोषणा दैनिक आधार पर कर दी जाती है तब पुनर्खरीद मूल्य दैनिक एन० ए० वी० पर आधारित होगा ।

(2) पुनर्खरीद, लेखा विवरणी सहित पुनर्खरीद पर्ची जो सभी धारकों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एवं मध्यस्थ संस्था द्वारा या अन्य व्यक्ति जिसका नाम, व्यवसाय एवं पता दिया हो विधिवत् सत्यापित प्राप्त होने पर, प्रभावी होगी । पुनर्खरीद आवेदन सामान्यतः मध्यस्थ संस्था के माध्यम से भेजी जाएंगी । आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते सदस्य रु० 1000/– का न्यूनतम शेष कायम रखे ।

(3) पूर्ण रूप से पुनर्खरीद की स्थिति में, ट्रस्ट पुनर्खरीद पर्ची सहित खाता विवरणी प्राप्त होने पर पुनर्खरीद प्राप्तियों पर कोई ब्याज देने के लिए बाध्य नहीं होगा ।

खाता विवरणी सहित प्राप्त सभी दस्तावेज, निरस्तीकरण के लिए ट्रस्ट द्वारा रख लिए जाएंगे ।

आंशिक पुनर्खरीद की स्थिति में अपने पास रखे जानेवाले यूनिटों की संख्या पर निर्भर करते हुए सदस्य को नयी विवरणी जारी की जाएगी ।

(4) सदस्य/सदस्यों की मृत्यु हो जाने की स्थिति में विधि क प्रतिनिधि या नामिती द्वारा खाता विवरणी एवं पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र और ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित आवश्यकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा।

(5) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों के मूल्य का भुगतान ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद हेतु अनुरोध-पत्र सहित लेखा विवरणी प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर करेगा (बशर्ते आवेदन ठीक हो)।

आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

X. यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबन्ध :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के होने के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री एवं पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(i) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस नहीं हों; और

(ii) आरंभिक पेशकश अवधि के बाद ऐसे किसी दिन के दौरान जो निर्दिष्ट अवधि अर्थात प्रत्येक कैलेन्डर माह के 5 कार्य दिवस जो प्रत्येक माह के 10 वीं तारीख से प्रारंभ होगी, के बीच न आता हो; और

(iii) ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित किसी भी उद्देश्य के लिए सदस्यों की पंजी बंद हो, ऐसी (ट्रस्ट द्वारा यथाधि सूचित) अवधि के दौरान।

स्पष्टीकरण : इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अन्तर्गत अधिसूचित हो और न ही

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि उस दिन ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

XI. खाता विवरणी :

ट्रस्ट जब कभी भी बिक्री एवं पुनर्खरीद सौदे पूर्ण करता है तब वह प्रत्येक बार सदस्यों को खाता विवरणी जारी करेगा। विवरणी, उनके सदस्यता खाते में अदत्त यूनिटों सहित (दशमलव के बाद तीन स्थान तक) निवेश/पुनर्खरीद का विवरण दर्शाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक निवेशक हर वर्ष 31 मार्च के बाद जितना जल्दी संभव हो सके, वार्षिक विवरणी प्राप्त करेगा। ऐसे वार्षिक विवरणी में वर्ष के प्रारंभ में फोलियो में धारित निवेशकों के यूनिटों के प्रारंभिक शेष अर्थात फोलियो के संबंध में वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए सभी सौदे जैसे-अतिरिक्त खरीद, प्रतिधान, धारित यूनिटों का अंतिम शेष एवं 31 मार्च को यूनिटों का एन०ए०वी० दर्शाया जाएगा।

XII. सदस्यों की पंजी :

सदस्यों के पंजीकरण के सम्बंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे;

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता खाता संख्या और हर एक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो या।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा। किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग हो, के लाभ के लिए यूनिटों हेतु आवेदक के मृत्यु के परिणामस्वरूप होने वाले परिवर्तन की प्रविष्टि पंजी में तदनुसार की जाएगी।

(3) केवल पंजीबन्दी को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कामकाज के समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य द्वारा उसके स्वयं के निवेश के संबंध में निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बन्द रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिए बन्द नहीं रहेगी। ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी।

XIII. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों सहित) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएंगी।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति

से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाण-पत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किए गए कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है। ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा ।

(4) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी ।

XIV. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिए सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिये उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

XV सदस्यों द्वारा नामांकन :

(1) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्तियों अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है । आवेदक एक व्यक्ति को नामित कर सकते हैं एवं प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन कर सकता है ।

(2) सदस्यों को, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति एच०यू०एफ० और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा ।

अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे ।

सदस्य की मृत्यु :

(1) यूनिटों के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने को मान्यता दी जाएगी ।

लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी ।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिती को यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी ।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किया जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग X के अन्तर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है ।

(4) किसी सदस्य/सदस्यों की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जाने वाले व्यक्ति को, ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिए पर्याप्त समझे गये साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(5) यदि नामिती/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र हो जाता है तो उक्त नामिती/विधिक उत्तराधिकारी को उसकी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसको सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उतने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से खाता विवरणी जारी किया जाएगा ।

(6) जिस आवेदक ने मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों हेतु आवेदन किया है, उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति ट्रस्ट वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करेगा, मानो वही आवेदक हो । इसके अलावा आवेदक या वैकल्पिक आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जैसा भी मामला हो मौजूदा आवेदक अपने वैकल्पिक आवेदक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगा ।

(7) प्रारंभिक पेशकश अवधि के दौरान एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खण्ड (खण्डों) में दिए गए ब्यौरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को भुगतान करेगा ।

आय वितरण :

प्लान का उद्देश्य निवेशकों के लिए पूंजी निर्माण करना है। अत: प्लान के अन्तर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा। आय शुद्ध आस्ति मूल्य में दिखाई पड़ेगा।

निवेशकों का बैंक विवरण :

निवेशकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात खाते का प्रकार एवं खाता संख्या एवं बैंक का नाम) दें। पुनर्खरीद-चैक इस प्रकार निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे। यदि सदस्य का बैंक खाता नहीं है, तब मध्यस्थ संस्था प्रथम आवेदक के रूप में निवेश करेगी एवं पुनर्खरीद चेक, मध्यस्थ संस्था के नाम से जारी किया जाएगा। मध्यस्थ संस्थान के नाम इस प्रकार जारी किया गया पुनर्खरीद चेक, ट्रस्ट को निवेश के संबंध में पूर्ण उन्मोचन की जानकारी देगा एवं ऐसा समझा जाएगा कि ट्रस्ट ने ऐसे सदस्य/सदस्यों के संबंध में उन्मोचन किया है। यदि बैंक के विवरण नहीं दिए जाते हैं तो आवेदन रद्दकरण के योग्य होंगे।

यू०टी०आई०-लघु निवेशक योजना का ब्यौरा (जारी)

III. इस योजना से सम्बन्धित आस्तियों का मूल्यांकन :

(1) उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार बंद होने के मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है।

(2) उधृत डिबेंचरों एवं बाण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उस ब्याज तत्व, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(3) अनोधृत डिबेंचर, बाण्ड और अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर मूल्यांकन किए जाते हैं जो ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित, लिखित के वर्ग निर्धारण पर आधारित है।

(4) कॉल मनी में निवेश, पुनर्बट्टाकृत योजना के अंतर्गत खरीदे गए बिल एवं बैंकों पर अल्पावधि निक्षेप का मूल्यांकन लागत और उपार्जन पर किया जाएगा; अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन आय पर किया जाएगा जिस पर उनका फिलहाल लेन-देन किया जाता है। इस उद्देश्य हेतु, गैर-व्यापारिक लिखतें अर्थात् वे लिखतें जिनका व्यापार पिछले सात दिनों में न हुआ हो का मूल्यांकन लागत और दिन के प्रारंभ तक उपार्जित ब्याज और प्रतिदिन मूल्य तक लिखतों के परिपक्वता हेतु बाकी अवधि के दौरान एक समान बढ़े मूल्य के बीच अंतर पर किया जाएगा।

(5) अनोधृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित बाजार दरों पर आधारित, परिपक्वता पर प्रतिफल (वाई०टी०एम०) आधार पर किया जाएगा।

(6) उपरोक्त पैरा (1) से (5) तक के अनुसार यथासंगणित निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है।

IV. शुद्ध आस्ति मूल्य (एन०ए०वी०) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में से तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। एन०ए०वी०, प्रारंभिक पेशकश अवधि के छ: माह के बाद और उसके पश्चात् साप्ताहिक आधार पर समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा जब तक कि निधि एक महत्वपूर्ण आकार न ले लेती हो, (जैसा कि ट्रस्ट द्वारा निर्धारित हो) उसके पश्चात् एनएवी की गणना एवं घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी।

V. (क) निवेश उद्देश्य :

योजना का निवेश उद्देश्य मुख्यत: निवेशकों की छोटी निवेश योग्य बचत पर न्यूनतम जोखिम उठाते हुए पूंजी का निर्माण करना है।

योजना के अन्तर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारंभिक परिचालन पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद सामान्यत: निम्न रूप में निवेश किया जाएगा।

फंड केवल ऋण प्रतिभूतियों अर्थात् सरकारी प्रतिभूतियां, राजकोष बिल, कार्पोरेट डिबेंचर एवं 'एएए' रेटिंग या उसके समकक्ष वाली कार्पोरेट लिखतों में निवेश करेगी। निवेश का जोखिम तत्व न्यून होगा।

फंड का इक्विटी सम्बन्धी लिखतों में निवेश नहीं किया जाएगा।

मुद्रा बाजार लिखतों के लिए सामान्यत: कोई स्थाई विनियोजन नहीं किया जाएगा।

जब तक कि इस प्लान के अन्तर्गत संग्रहीत निधियों का पूर्ण विनियोजन नहीं हो जाता, तब तक निधियां मुद्रा बाजार लिखतों एवं अनुसूचित व्यवसायिक बैंकों का अल्पावधि निक्षेपों में निवेश किया जाएगा।

उसके पश्चात मुद्रा बाजार लिखतों में न्यूनतम निवेश किया जाएगा ताकि प्लान की तरलता आवश्यकता को पूरा किया जा सके ।

(ख) निवेश नीतियां :

(i) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश दर्जे का निर्धारण समय-समय पर मान्यताप्राप्त किसी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा, बशर्ते यदि ऋण लिखत का दर्जा निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

(ii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिए जाएंगे ।

(iii) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों। स्पष्टीकरण : "स्पाट आधार" का अर्थ स्पाट सौदों हेतु स्टाक एक्सचेंज द्वारा निर्दिष्ट अर्थ है ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते है ।

(ग) प्लान की असूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में अंतरण यू०टी०आई० के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(iv) योजना ट्रस्ट या किसी दूसरे म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तरयोजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक न हो ।

(v) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में सम्बन्धित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामलों में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला में लिप्त होना पड़े ।

(vi) ट्रस्ट योजना की ओर से प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा ।

(vii) योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या सदस्यों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी ।

परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी ।

(viii) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ;

(क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचिबद्ध प्रतिभूति ; या

(ख) ट्रस्ट को समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजि नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति ; या

(ग) ट्रस्ट की समूह कम्पनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं के शुद्ध आस्तियों के 25 प्रतिशत का आधिक्य है ।

(ग) तथापि, ऊपर खण्ड iii, iv और v (ख) के सम्बन्ध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एम०एफ०) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों और निदेशों के अनुसरण में होगा ।

VI. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

(1) जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से खाता विवरणी जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिए ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से सम्बन्धित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश को छोड़कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा ।

(2) जब कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए आवेदन करता है और ट्रस्ट द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है तो यह नहीं माना जाएगा कि ट्रस्ट ने किसी विश्वास को ध्यान में रखा है । ट्रस्ट योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के अंतर्गत सभी प्रयोजनों के लिए आवेदक या आवेदक की मृत्यु होने पर आवेदन पत्र में वैकल्पिक आवेदक के रूप में उल्लिखित व्यक्ति के साथ व्यवहार करेगा ।

VII. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

इस योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटें निम्नलिखित शर्तों के अधीन अंतरणीय/गिरवी रखे जाने योग्य/समनुदेशनीय होंगी

विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25 प्रतिशत ट्रस्ट के डी०आर०एफ० में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

डी० आर० एफ० अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के सम्बन्ध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से सम्बन्धित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा सम्बन्धित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण सम्बन्धी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास सम्बन्धी प्रयासों जिनका दीर्घ कालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से सम्बन्धित हों तथा ट्रस्ट की किसी भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिफल की दर में कमी होने पर, उनकी पूर्ति करने के लिए भी किया जा सकता है।

IX. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष मासिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10 प्रतिशत कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप से रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

X. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के कार्यों का विवरण होगा। ट्रस्ट छः माह अर्थात् 31 दिसम्बर की समाप्ति के दो माह के अंदर अपना आलेखपरीक्षित वित्तीय परिणाम प्रकाशित करवाएगा। ट्रस्ट सेबी को विधिवत् रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और राजस्व लेखा, अपरीक्षित अर्ध-वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही पोर्टफोलियो विवरण पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित भेजेगा। ट्रस्ट निवेशिकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिनका सूचित किया जाना आवश्यक हो। ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा।

XI. योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गए परिवर्तन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा।

जब योजना की मूल विशेषताओं या ट्रस्ट या शुल्क या देय प्रभारों में या अन्य कोई ऐसा परिवर्तन किया जाना हो जिससे योजना परिवर्तित हो जाए या सदस्यों के हितों पर प्रभाव पड़े तो ऐसे परिवर्तन करने के लिए तीन चौथाई से अधिक सदस्यों की सहमति ली जाए :

परन्तु यह कि तब तक ऐसा कोई परिवर्तन न किया जाए जब तक तीन चौथाई सदस्यों ने अपनी सहमति न दे दी हो और जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिताएं मोचित करने को अनुमति है।

स्पष्टीकरण : इस खण्ड के प्रयोजन के लिए "मूल विशेषताओं" का अर्थ है

(i) योजना का प्रकार : अंतराल ऋण योजना।

(ii) निवेश उद्देश्य : जैसा कि पृष्ट 14 पर खण्ड V(क) में उल्लिखित है।

(iii) निर्गम की शर्तें

(क) यूनिटों की पुनर्खरीद जैसा कि पृष्ठ 9 के खण्ड IX में उल्लिखित है एवं योजना की समाप्ति जैसा कि पृष्ठ 18 के खण्ड XII में उल्लिखित है।

(ख) कुल शुल्क एवं व्यय जैसा कि पृष्ठ 6 से 7 पर खण्ड VI में उल्लिखित है।

XII. योजना की समाप्ति :

(क) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(i) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या

(ii) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(iii) सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दें।

(ख) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (क) के अनुसरण में योजना की समाप्ति की जाती है। तो ट्रस्ट योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और

अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी ।

(ग) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट—

(i) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(ii) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा ।

(iii) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा ।

(घ) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(ङ) (i) न्यासी मंडल या योजना के उप खंड (ङ) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(ii) ऊपर दिए गए खण्ड (घ)(i) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टांत में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(च) समाप्ति पूरी होने, परन्तु ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र भेजेगा ।

(छ) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी [म्यूचुअल फंड] विनियम 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे ।

(ज) खण्ड XII (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

XI. यूनिटों की बिक्री एवं पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के होने के बावजूद, ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(i) ऐसे दिन, जो कार्यदिवस नहीं हों; और

(ii) ऐसी ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित अवधि में जब सदस्यों की पंजी ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित उद्देश्य से बंद हो।

स्पष्टीकरण : इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के योजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही।

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि उस दिन ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

12. सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र/खाते का विवरण :

ट्रस्ट सदस्यता सूचना जारी करेगा/यू०टी०आई० अनुरोध प्राप्त होने पर यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा।

यूनिट प्रमाणपत्र अंतरणीय है जबकि सदस्यता सूचना अंतरणीय नहीं है। फिर भी, दोनों ही प्लान में निवेशक के शामिल होने के समान रूप से वैध साक्ष्य हैं।

अनिवासी भारतीय सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के प्रेषण की निम्नलिखित विधियों में से कोई एक चुन सकता है :

(क) आवेदक के भारतीय/विदेशी पते पर

या

(ख) आवेदक के भारत में स्थित रिश्तेदार के पते पर

खाते का विवरण : हर बार अतिरिक्त यूनिटों की खरीद या उन्मोचन किए जाने पर प्रत्येक सदस्य खाते का विवरण प्राप्त करेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सदस्य प्रति वर्ष 31 मार्च के बाद जैसे ही संभव होगा, खाते का वार्षिक विवरण प्राप्त करेगा। ऐसे वार्षिक विवरण में पिछले वर्ष 1 अप्रैल को निवेशकों के फोलियों में धारित यूनिटों का आरंभिक शेष, फोलियो के संबंध में पिछले 12 महीनों के दौरान होने वाले कुल कारोबार से अतिरिक्त खरीद, उन्मोचन यूनिटों का अंतिम धारित शेष एवं 31 मार्च को यूनिटों का एन०ए०वी० आदि का विस्तृत ब्योरा होगा।

13. सदस्यता सूचना एवं यूनिट प्रमाणपत्र को तैयार करने की रीति :

सदस्यता सूचना एवं यूनिट प्रमाणपत्र ऐसे प्रपत्र में होंगे, जैसा कि ट्रस्ट के कार्यपालक निदेशक द्वारा सुनिश्चित किया जाए।

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्णा या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और यूनिट ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी व्यक्ति यांत्रिक विधि से लगाया गया होगा। कोई भी यूनिट प्रमाणपत्र जब तक इस रूप में हस्ताक्षरित न हो, वैध नहीं होगा। इस प्रकार हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध और बाध्यकारी होगा भले ही उसके जारी होने से पहले कोई व्यक्ति, जिसका हस्ताक्षर उस पर है यूनिट ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो।

किंतु यदि इस रूप में तैयार किए गए यूनिट प्रमाण पत्र में किसी प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं जो प्रमाणपत्र जारी होने के समय मृत है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है प्रमाणपत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होंगे।

14. सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र का विनिमय और सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

सदस्यता सूचना

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य उक्त प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करें और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाये जाएंगे/अपेक्षित होंगे।

यूनिट प्रमाणपत्र

यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है जिसके यूनिटों की कुल संख्या उतनी ही होगी जितनी कि कटे-फटे, विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र की थी। यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाता है, चुरोया जाता है या नष्ट हो जाता है तो ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को उसके बदले नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

कोई नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक—

(i) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, टूटने, विरूपित होने, खो जाने, चुरा लिए जाने या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं करता ।

(ii) तथ्यों की जांच के संबंध में सभी खर्चों का भुगतान नहीं करता ।

(iii) (कटे-फटे या घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र के मामले में), ट्रस्ट को ऐसे कटे-फटे, घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत और अभ्यर्पित नहीं करता और

(iv) ट्रस्ट को आवश्यक क्षतिपूर्ति बंध-पत्र प्रस्तुत नहीं करता ।

इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत ट्रस्ट सद्भावना के आधार पर उक्त प्रमाणपत्र जारी करने का उत्तरदायित्व नहीं लेगा ।

उपरोक्त के बावजूद, योजना के अंतर्गत सदस्य को ऐसे नियमों/विणनिर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करना होगा तथा ऐसे दस्तावेज निष्पादित करने होंगे जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा प्रतिपादित/अपेक्षित होंगे ।

XV. सदस्यों की पूंजी

सदस्यों के पंजीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्रों की संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया ।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी । ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा । किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप में विकलांग हो, के लाभ के लिये यूनिटों हेतु आवेदन के रूप में होने वाले परिवर्तन की प्रविष्टि पंजी में तदनुसार की जाएगी ।

(3) इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार, केवल पंजी बंदी को छोड़कर, कामकाज के समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिये पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य द्वारा उसके स्वयं के निवेश के संबंध में निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी ।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिये पंजी बन्द रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिये बन्द नहीं रहेगी । ट्रस्ट समाचार पत्रों में या । अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा ।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

XVI. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों के साथ) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएंगी ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है । अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाण पत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है ।

ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा ।

(4) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम, उप-विधियां आदि प्रबंध निकाय द्वारा यूनिटों में निवेश प्राधिकृत करने वाले पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी ।

(5) फर्म को सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाण पत्र फर्म के नाम से बनाया जाएगा ।

XVII. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिए सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में एकल या प्रथम सदस्य (संयुक्त धारित। या दोनों या उत्तरजीवी आधार के अंतर्गत धारण के मामले में) को प्रदत्त राशि के लिए उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

XVIII. सदस्यों द्वारा नामांकन

(1) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्तियों अर्थात एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है । आवेदक एक व्यक्ति को नामित कर सकते हैं । अवयस्क तथा अनिवास भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार निवासी भारतीय नामित किए जा सकते हैं । प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन कर सकता है ।

(2) सदस्यों को जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था समिति, निगमित निकाय और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा ।

अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे ।

XIX. सदस्य की मृत्यु :

(1) यूनिट के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हितधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी ।
लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी ।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, नामिती को यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी ।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किये जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग X के अन्तर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है ।

(4) किसी सदस्य/सदस्यों की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जाने वाले व्यक्ति को ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिये पर्याप्त समझे गये साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा ।

(5) यदि नामिती/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र है तो उक्त नामिती/विधिक उत्तराधिकारी को उसकी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसको सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उतने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

(6) जिस आवेदक ने मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये यूनिटों हेतु आवेदन किया है, उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करेगा, मानो वही आवेदक हो । इसके अलावा आवेदक या वैकल्पिक आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जैसा भी मामला हो मौजूदा आवेदक अपने वैकल्पिक आवेदक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगा ।

(7) अवरुद्ध अवधि एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खण्ड में दिए गये ब्यौरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को भुगतान करेगा ।

(8) अ-निवासी सदस्य (सदस्यों) की मृत्यु के मामले में यूनिटों की पुनर्खरीद राशि का विप्रेषण अ-निवासी नामिती अथवा विधिक वारिस/वारिसों को किया जा सकता है बशर्ते :

(क) यूनिटें भारत के बाहर से विप्रेषित निधि में से, भारत में अनिवासी (ई) खाते में धारित निधि में से अथवा एफसीएनआर जमा-राशि में से खरीदी गई हों और

(ख) नामिती भारत के बाहर निवास कर रहा हो/विधिक वारिस भारत के बाहर रहता हो/रहते हों ।

जहां यूनिटें एनआरओ खातों में धारित निधि से खरीदी गई हों, वहां अ-निवासी नामिती अथवा विधिक वारिस (वारिसों) के मामले में, पुनर्खरीद राशि भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के योग्य नहीं होगी ।

जहां नामिती नामांकन के समय निवासी था परन्तु बाद में अ-निवासी बन गया हो, ऐसे दावों के मामले में, राशि के विप्रेषण की विधि हेतु भारतीय रिजर्व बैंक की राय लेनी होगी ।

XX. आय वितरण

प्लान के अंतर्गत सामान्यतः कोई आय का वितरण नहीं किया जाएगा । वृद्धि शुद्ध आस्ति-मूल्य में दिखाई पड़ेगी । हालांकि, ट्रस्ट भविष्य में आय वितरण का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

यूटीआई बाण्ड फंड का ब्यौरा जारी

III. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(1) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार बन्द मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है । यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है ।

(2) उधृत डिबेंचरों और बाण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्व, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है ।

(3) अनोधृत डिबेंचर, बाण्ड और अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर, जैसा कि ट्रस्ट के न्यास मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं ।

(4) अनोधृत वारंट, लाभांश तत्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, के अन्तर्गत आने वाले शेयरों तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके, लिए जाते हैं । जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है ।

(5) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बाण्ड, जहां मिश्र भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें लाभांश तत्व, यदि हों, के लिए बट्टा काटकर बाजार दर पर किया जाता है । ऐसे डिबेंचरों एवं बाण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि हो, का मूल्यांकन परिपक्वता पर प्रतिफल जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया गया हो, किया जाता है । जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है ।

(6) मांग मुद्रा में निवेश, पुनर्बट्टा योजना के अंतर्गत खरीदे गए बिल एवं बैंकों में की गई अल्पकालीन जमाओं का मूल्यांकन लागत एवं प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है, अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन प्रतिफल पर, जो हाल ही में सक्रिय किया जाता है । इस प्रयोजन हेतु गैर व्यापारिक लिखतें अर्थात् वह लिखित जिनका सात दिन की अवधि में कोई सौदा नहीं हुआ हो, का मूल्यांकन लागत और दिन के प्रारंभ से उपचित ब्याज और प्रतिदान मूल्य एवं लिखत के बचे हुए परिपक्वता अवधि के दौरान एक समान बढ़े हुए मूल्य के मध्य अंतर पर किया जाएगा ।

(7) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित बाजार दरों पर आधारित परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) आधार पर किया जाएगा ।

(8) उपरोक्त पैरा (1) से (7) तक के अनुसार यथासंगणित निवेशों के सकल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है ।

6. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण

योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपबंधों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा । प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग देकर किया जाएगा । योजना के एनएवी का निर्धारण दैनिक आधार पर किया जा सकता है । प्रेस को एनएवी आरंभिक पेशकश अवधि के बंद होने के 30 दिन बाद और उसके बाद दैनिक आधार पर प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा ।

5. (क) निवेश उद्देश्य

योजना का निवेश उद्देश्य अपेक्षाकृत कम जोखिम सहित पूंजी वृद्धि प्रदान करना एवं ऋण पोर्टफोलियो में निवेश करके निवेशकों को आसान तरलता प्रदान करना है ।

योजना के अन्तर्गत संग्रहीत निधियां ऋण एवं मुद्रा बाजार लिखितों में निवेशित की जाएंगी । निवेश का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा ।

ऋण-अधिकतम निर्धारण—100—

मुद्रा बाजार लिखतों के लिए सामान्यतः कोई निश्चत निर्धारण नहीं है ।

मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश न्यूनतम रखा जाएगा ताकि प्लान की तरलता की आवश्यकताएं पूरी हो सकें ।

ट्रस्ट, सुरक्षा के ख्याल से अल्प अवधि के लिए आस्ति निर्धारण के विकल्प को बदलने का विकल्प रखता है ।

ऊपर बताए गए निवेश उद्देश्यों के अनुसार योजना की निधियों के प्रतिभूतियों में विनियोजन किए जाने तक ट्रस्ट योजना की निधियों का निवेश अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अल्पावधि जमाओं में कर सकता है ।

(ख) निवेश नीतियां

(i) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश दर्जे का निर्धारण समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा, बशर्ते यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

(ii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिए जाएंगे ।

(iii) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उद्धृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों ।

स्पष्टीकरण : 'स्पाट आधार' का अर्थ, स्पाट लेन देन हेतु स्टाक एक्सचेंज द्वारा निर्दिष्ट अर्थ है ।

(ख) ऐसे अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं ।

(ग) प्लान की असूचीबद्ध या उद्धृत न किए गए निवेशों का ट्रस्ट की अन्य योजना प्लान में अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(iv) योजना ट्रस्ट या किसी दूसरे म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तर-योजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक न हो ।

(v) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामलों में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े ।

(vi) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा ।

(vii) योजना यूनिटों की पुनर्खरीद प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या सदस्यों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी ।

परन्तु उधार, योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी ।

(viii) योजना इनमें कोई निवेश नहीं करेगी,

(क) ट्रस्ट की सहायक या समूह कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति; या

(ख) ट्रस्ट की सहायक या समूह कंपनी द्वारा निजी नियोजन द्वारा जारी कोई प्रतिभूति, या

(ग) ट्रस्ट की समूह कंपनियों की सूचीबद्ध प्रतिभूति या जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं की शुद्ध आस्तियों के 25% का आधिक्य है ।

प्लान की प्रतिभूतियों की लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यू०टी०आई० की सहायक संस्था यू० टी० आई० सिक्योरिटीज एक्सचेंज लिमिटेड (यू०टी०आई० एस०ई०एल०) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों । यू०टी०आई० एस०ई०एल० 1994 में स्थापित की गई थी । यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली उच्च तकनीकी कंपनी है । इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है ।

(ग) तथापि, ऊपर खण्ड 3, 4 और 5(ख) के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अनुसरण में होगा ।

6. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

(1) जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि, ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान

या किसी सक्षम प्राधिकारी वाले न्यायालय के आदेश को छोड़कर किसी विपरीत नोटिस या निर्मित न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा।

(2) जब कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिये आवेदन करता है और ट्रस्ट द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है तो यह नहीं माना जाएगा कि ट्रस्ट ने किसी विश्वास को ध्यान में रखा है। ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत सभी प्रयोजनों के लिये आवेदक या आवेदक की मृत्यु होने पर आवेदन पत्र में वैकल्पिक आवेदक के रूप में उल्लिखित व्यक्ति के साथ व्यवहार करेगा।

7. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिटें निम्नलिखित शर्तों के अधीन अंतरणीय/गिरवी रखे जाने योग्य/समनुदेशनीय होंगी :

(क) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाणपत्र (सदस्या सूचना नहीं) परक्राम्य है और जैसा कि इस प्लान के प्रावधानों के खण्ड III में उल्लेख किया गया है इसे व्यक्तिगत, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है।

(ख) यूनिट धारण करने की क्षमता रखने वाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा।

(ग) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण दस्तावेज इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(घ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण संलेख नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे।

(ङ) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता (संयुक्त धारिता के मामले में सभी अंतरणकर्ता) तथा अंतरिती (संयुक्त खरीदी के मामले में सभी अंतरिती) के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा।

(च) ट्रस्ट के स्वत्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगे।

(छ) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नष्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरूरी समझे, को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में ट्रस्ट छूट देंगे।

(ज) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे।

(झ) अंतरण को मान्यता देने वाले तथा पंजीकृत करने वाले रजिस्ट्रार, उक्त अंतरण एवं प्रमाणपत्रों तथा वारंटों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र और आय वितरण वारंट, यदि कोई हों (मासिक आय विकल्प के मामले में) अंतरिती को जारी करेंगे।

(ञ) यदि कोई अंतरिती अधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य, जिसे पर्याप्त समझे, के प्रस्तुतीकरण के अधीन अंतरण प्रभावी करेंगे।

(ट) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को आय वारंट, यदि कोई हो, सहित यूनिट प्रमाणपत्र अंतरण संबंधी सभी लिखतों के साथ वापस करेगा। संयुक्त अंतरितियों के मामले में, यूनिट प्रमाणपत्र के संबंध में, यूनिट प्रमाणपत्र एवं सभी भावी भुगतान, सिर्फ प्रथम सदस्य के नाम किया जाएगा।

8. विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

दैनिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 1% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों, जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजन से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किसी भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रति-

फंड की दर में कमी होने पर उनकी पूर्ति करने के लिए सामूहिक मनी-लोन योजना के लिए विनिर्दिष्ट दरों के लिए भी किया जा सकता है।

IX. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

दैनिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10 प्रतिशत कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल है।

X. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून को छः महीनों के भीतर यथाशीघ्र सेबी द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से विज्ञापन के माध्यम से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि के दौरान बनाई गई योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में कार्यों का विवरण होगा। ट्रस्ट अर्धवार्षिकी की समाप्ति अर्थात् 31 दिसम्बर से 2 महीने के भीतर अपरीक्षित लेखा परिणाम प्रकाशित करेगा। ट्रस्ट सेबी को विधिवत् रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और राजस्व लेखा, अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार-चढ़ाव का एक तिमाही पोर्टफोलियो विवरण पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित भेजेगा। ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिनका सूचित किया जाना आवश्यक हो। ट्रस्ट, सदस्यों से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा।

XI. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गये परिवर्धन संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा।

जब योजना की मूल विशेषताओं या ट्रस्ट या शुल्क या देय प्रभारों में या अन्य कोई ऐसा परिवर्तन किया जाना हो जिससे योजना परिवर्तित हो जाए या सदस्यों के हितों पर प्रभाव पड़े तो ऐसा परिवर्तन करने के लिए कम से कम तीन-चौथाई सदस्यों की सहमति ली जाएगी :

परन्तु यह कि तब तक ऐसा कोई परिवर्तन न किया जाए जब तक तीन-चौथाई सहमति न दे दी हो और जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिताएं मोचित करने की अनुमति है।

स्पष्टीकरण : इस खण्ड के प्रयोजन के लिए "मूल विशेषताओं" का अर्थ है :

(i) योजना का प्रकार : सतत खुला ऋण फंड।

(ii) निवेश उद्देश्य : जैसा कि पृष्ठ 19 के खंड V (क) में निर्दिष्ट है।

(iii) निर्गम की शर्तें :

(क) यूनिटों की पुनर्खरीद जैसा कि पृष्ठ 11 से 12 के खंड IX में बताया गया है, यूनिटों का अंतरण/गिरवीकरण/समनुदेशन पृष्ठ 21 के खण्ड VII एवं योजना की समाप्ति जैसा कि पृष्ठ 24 से 25 के खंड XII में बताया गया है।

(ख) कुल शुल्क एवं व्यय, जैसा कि पृष्ठ 7 खंड के खंड VI में बताया गया है।

XII. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति

(क) ट्रस्ट योजना और उसके अन्तर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(i) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या,

(ii) योजना के 75 प्रतिशत सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(iii) सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दें।

(ख) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (क) के अनुसरण में योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी।

(ग) योजना की समाप्ति सम्बन्धी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट :—

(i) इस योजना से सम्बन्धित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(ii) इस योजना के अन्तर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(iii) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(घ) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

(ङ) (i) न्यासी मंडल या योजना के उप खंड (घ) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित

आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(ii) ऊपर दिए गए खण्ड (छ) (i) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अन्तर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से सम्बन्धित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में सदस्यों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(च) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिन के कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र भेजेगा ।

(छ) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण जब तक कि समापन पूरा नहीं हो जाता या योजना समाप्त न हो जाती है, के लिए लागू रहेंगे ।

(ज) खण्ड VII (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

(झ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना/विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र और जारी किया गया अंतिम खाता विवरण प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर, यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा । सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाण-पत्र पुनर्खरीद के लिए प्राप्त अनुरोध पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे ।

(ञ) अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद/परिपक्वता राशि निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए निम्नानुसार विप्रेषित की जाएगी :

(i) जब यूनिटों की खरीद विदेश से विप्रेषित विदेशी मुद्रा से की गई हो अथवा सदस्य की एफसी-एनआर जमाओं की राशि से की गई हो अथवा सदस्य के भारत में स्थित अनिवासी (बाह्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो प्राप्तियां, सदस्य को विदेशी मुद्रा में विप्रेषित की जा सकती हैं

(II) जब यूनिटों की खरीद सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो परिपक्वता चेक भारत में निवेशक के रिश्तेदार को प्रेषित किया जाएगा, जिसे सदस्य के एनआरओ लेखा में जमा किया जाएगा ।

XIII. प्रावधानों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा । इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधानों और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाएं ।

XIV. प्रावधानों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिए योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में सेबी को सूचित करते हुए ढील दे सकता है, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो ।

पेशकश दस्तावेज के प्रावधानों में कोई परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद एवं विनियमों की शर्तों के अनुसार ही किया जाएगा ।

XV. योजना और उसके अन्तर्गत बना प्लान सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा :

इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिए इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह इसके लिए सहमत हो कि योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिए बाध्य हो ।

XVI. सदस्यों को लाभ :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय पूंजी, प्रारक्षित निधि और अधिशेष के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और

उसके अन्तर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिए यूनिट के धारक रहे हों ।

प्लान के सदस्यों का अनुरोध निम्नलिखित परिस्थितियों में मांगा जाएगा :

(i) सदस्यों के हित में जब कभी सेबी द्वारा ऐसा किया जाना अपेक्षित हो; या

(ii) प्लान के तीन-चौथाई सदस्यों द्वारा जब कभी मांग करने पर ऐसा किया जाना आवश्यक हो;

(iii) जब न्यासियों ने बहुमत से समाप्त करने का निर्णय लिया हो या यूनिटों का समयपूर्व प्रतिदान किया जाए; या,

(iv) जब कोई परिवर्तन योजना के खण्ड XI में उल्लिखित मूलभूत विशिष्टताओं में या शुल्क और देय व्यय में किया जाना हो या अन्य कोई परिवर्तन जिससे प्लान संशोधित होता हो या सदस्यों का हित प्रभावित होता हो, तो ऐसा प्रस्तावित परिवर्तन तब तक न किया जाए जब तक तीन-चौथाई सदस्यों की सहमति न ले ली जाए ।

कर मार्गदर्शक

कर रियायतें

प्लान के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा । वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार इस प्लान के अन्तर्गत उदभूत होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा ।

इस प्लान के अन्तर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से मुक्त है ।

धारा 54 ईए के अन्तर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली सम्पूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का यूटीआई-बाण्ड फंड में किया गया निवेश आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54 ईए के अन्तर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण/गिरवीकरण, यूनिटों की आबंटन तिथि से तीन वर्षों की अवरुद्धता के बाद किया जाए/रखे जाएं ।

धारा 54 ईबी के अन्तर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली सम्पूर्ण धा आंशिक शुद्ध राशि का यू टी आई–बाण्ड फंड में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अन्तर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण गिरवीकरण, यूनिटों की आबंटन तिथि से सात वर्षों की अवरुद्धता के बाद किया जाए/रखे जाएं ।

पात्र ट्रस्टों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2) (बी) के अन्तर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं । अतः यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 और 13 के अन्तर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे ।

स्रोत पर कर की कटौती नहीं

फंड के अन्तर्गत कोई आय वितरित नहीं की जाएगी, स्रोत पर कर की कोई कटौती नहीं होगी । भविष्य में आय वितरण होने पर प्रचलित कर कानूनों के अनुसार स्रोत पर कर की कटौती की जाएगी ।

आयकर/धन-कर/उपहार-कर/पूंजीगत अभिलाभ कर, अनिवासी भारतीयों/ओसीबी/एफ आई आई द्वारा किए गए निवेशों से सम्बन्धित प्रकटीकरण प्रचलित आयकर अधिनियम, फेरा और रिजर्व बैंक के निदेशों और अनुमतियों के अनुरूप हैं ।

सदस्यों के अधिकार

1. प्लान के अधीन सदस्यों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार है ।

2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे ।

3. सदस्यों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अन्तर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है ।

4. सदस्यों को ट्रस्ट के सम्बन्धित शाखा कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां भेजे जाने का अधिकार है ।

5. सदस्यों को आरंभिक पेशकश अवधि बंद होने की तिथि से छः हफ्तों के भीतर या आरंभिक पेशकश अवधि बंद होने के बाद जब फंड बिक्री हेतु पुनः प्रारंभ होता है, स्वीकृति की तिथि से छः हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना जारी करने का अधिकार है ।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी, 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं

और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई–400 021 में स्थित है।

अभिरक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे ट्रस्ट की योजनाओं/फंडों/प्लानों की सभी प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अपनी अभिरक्षा में रखें। अभिरक्षक प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करेंगे। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद अंतरण एवं अन्य लेन-देन से सम्बन्धित अभिरक्षा सम्बन्धी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रतिधारात्मक कार्यों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा।

अभिरक्षक सभी सूचनाएं रिपोर्टें अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/फंडों/प्लानों से सम्बन्धित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे।

लेखा परीक्षा

मेसर्स एम के कपूर एण्ड कं० 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 और मेसर्स चतुर्वेदी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, 60 बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069। योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है, और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।

निवेशकों की शिकायतें

1 अप्रैल, 1997 से 31 मार्च, 1998 तक की अवधि के लिए प्राप्त शिकायतों की संख्या, जिनका निवारण किया गया और जो निवारणाधीन हैं, उन्हें नीचे दिया गया है :

योजना का नाम	शिकायतों की संख्या			कुल प्राप्त में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन	
1	2	3	4	5
सी०सी०सी०एफ०	874	812	62	7.09%
सी०जी०जी०एफ०	6391	6138	253	3.96%
सी०जी०एस०-83	351	275	76	21.65%
सी०जी०यू०एस०-91	2471	2449	22	0.89%
सी०आर०टी०एस०	239	225	14	5.86%
डीआईपी–91	3111	3094	17	0.55%
डी०आई०यू०पी०-93	521	510	11	2.11%
डी०आई०यू०पी०-95	1396	1388	8	0.57%
डी०आई०यू०एस०-90	1656	1637	19	1.15%
डी०आई०यू०एस०-91	1599	1565	34	2.13%
डी०आई०यू०एस०-92	2080	2028	52	2.50%
ई०ओ०एफ०	527	518	9	1.71%
जी०सी०जी०आई०	20747	20699	48	0.23%
जी०एम०आई०एस०-91	6104	5987	117	1.92%
जी०एम०आई०एस०-92	7966	7776	190	2.39%
जी०एम०आई०एस० 92(II)	1506	1157	349	23.17%
जी०एम०आई०एस०-बी-92	1891	1706	185	9.78%
जी०एम०आई०एस०-बी-92(II)	2079	1989	90	4.33%
ग्रैंडमास्टर-93	1348	1337	11	0.80%
गृहलक्ष्मी यूनिट प्लान	1756	1661	95	5.41%
आवास यूनिट योजना	308	278	30	9.74%
आई०आई०एस०एफ०यू०एस० 95, 96, 97	7	6	1	14.29%
आईईएफ–97	107	87	20	18.69%
मास्टरगेन-92	106189	105573	616	0.58%

1	2	3	4	5
मास्टरग्रोथ-93	8829	8783	46	0.52%
मास्टरप्लस-91	13079	12704	375	2.87%
मास्टरशेयर-86	22129	20848	1281	5.79%
एम०ई०पी०-91	4281	4228	53	1.24%
एम०ई०पी०-92	22161	21743	418	1.89%
एम०ई०पी०-93	54619	54024	595	1.09%
एम०ई०पी०-94	62020	61701	319	0.51%
एम०ई०पी०-95	4695	4656	39	0.83%
एम०ई०पी०-96	1620	1602	18	1.11%
एमईपी-97	1384	1357	27	1.95%
एमईपी-98	3	2	1	33.33%
एम०आई०पी०-93	1454	1428	26	1.79%
एम०आई०पी०-94	2301	2219	82	3.56%
एम०आई०पी०-94(II)	1725	1715	10	0.58%
एम०आई०पी०-94(III)	5412	5373	39	0.72%
एम०आई०पी०-95	4419	4373	46	1.04%
एम०आई०पी०-95(II)	3635	3593	42	1.16%
एम०आई०पी०-95(III)	3851	3821	30	0.78%
एम०आई०पी०-96	3367	3334	33	0.98%
एम०आई०पी०-96(II)	3132	3097	35	1.12%
एम०आई०पी०-96(III)	3692	3643	49	1.33%
एम०आई०पी०-96(IV)	17387	17156	231	1.33%
एम०आई०पी०-97	10295	10091	204	1.98%
एमआईपी-97 (II)	9124	8771	353	3.87%
एम०आई०पी०-97 (III)	3558	3466	92	2.59%
एम०आई०पी०-97 (IV)	720	630	90	12.50%
एम०आई०पी०-97 (V)	184	48	136	73.91%
एम०आई०पी०-98	4	0	4	100.00%
एम०आई०एस०-बी-93	3557	3483	74	2.08%
एम०आई०एस०जी०-90(I)	6754	6389	365	5.40%
एम०आई०एस०जी०-90(II)	4525	4167	358	7.91%
एम०आई०एस०जी०-91	1479	1451	28	1.89%
ओमनी-प्लान	92	82	10	10.87%
प्राइमरी इक्विटी फंड	1819	1755	64	3.52%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	3359	3236	123	3.66%
सेवानिवृत्ति लाभ प्लान	2616	2538	78	2.98%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	1397	1368	29	2.08%
यू०जी०एस०-2000	9147	8648	499	5.46%
यू०जी०एस०-5000	3992	3818	174	4.36%
यूलिप	12652	11390	1262	9.97%
यू०एस०-64	74852	71523	3329	4.45%
यू०एस०-92	6150	6111	39	0.63%
यूएस-95	2	2	0	0.00%
कुल	551929	539318	12611	2.28%

शिकायतें लंबित रहने के कारण :

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में ही खो जाना।

(5) डाक सेवा में विलंब।

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्योरा।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलम्ब से प्राप्त होना।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

सभी निवेशक अपनी शिकायतें निवेश संबंधी पूर्ण विवरण देते हुए सम्बन्धित निवेशक सम्पर्क कक्ष को निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं।

पश्चिमी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष, कामर्स सेंटर 1,
28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र,
जी० डी० सोमानी मार्ग, परेड,
मुंबई—400005।
टेली : 218 0172/215 3846

पूर्वी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
2, फयरली प्लेस, 2री मंजिल,
कलकत्ता—700001।
टेली : 2434581/75

दक्षिणी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
यूटीआई हाउस, 29, राजाजी सालै,
चेन्नई—600001।
टेली : 5260146 विस्तारित : 360/364

उत्तरी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
हेराल्ड हाउस, 2री मंजिल,
5ए, बहादुरशाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली—110002।
टेली : 3329860/3311225

रजिस्ट्रार

यह निर्णय लिया गया है कि बिक्री पश्चात सेवाएं जैसे यूनिट प्रमाण-पत्र/सदस्यता सूचना जारी करना, खाता विवरणी, अंतरण, दावों का निपटान, आंशिक/पूर्ण पुनर्खरीद या सदस्यों के नाम व पते में परिवर्तन यूटीआई द्वारा उसके शाखा कार्यालयों द्वारा, जिसे अंतिम पृष्ठ पर दिया गया है, संचालित किया जाएगा।

ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों के पास आवेदन पत्रों, अंतरण फार्मों एवं पुनर्खरीद आग्रहों की प्रोसेसिंग करने, यूनिट प्रमाणपत्रों/सदस्यता सूचना/खाता विवरणी एवं आय वारंटों, यदि कोई हों, को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की पर्याप्त क्षमता है।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं० 1, नर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई—400020 में उपलब्ध रहेंगे :

* यूटीआई अधिनियम
* सामान्य विनियम
* अभिरक्षक के साथ किए गए करार
* यूटीआई बॉण्ड फंड के पेशकश दस्तावेज की प्रति

यूटीआई ने निम्नलिखित नियत तारीख

प्रमाणपत्र सेबी के पास जमा किया है

इस बात की पुष्टि की जाती है कि

I. पेशकश दस्तावेज का ड्राफ्ट भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 एवं समय-समय पर सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं निर्देशों के अनुसार है,

II. पेशकश दस्तावेज में किए गए प्रकटीकरण सत्य, उचित एवं प्रस्तावित योजना में निवेश के लिए निवेशकों को सोच समझकर निर्णय लेने में सहायता देने के लिए पर्याप्त है,

III. पेशकश दस्तावेज में उल्लिखित सभी बिचौलिए सेबी के साथ पंजीकृत हैं और आज की तिथि के अनुसार ऐसे पंजीकरण वैध हैं।

दिनांक : 19-03-1908
स्थान : मुंबई

हस्ताक्षर : ह०/-
नाम : टी० एस० पंडित
अनुपालन अधिकारी

मोहर के साथ

पूर्ववर्ती आंकड़े—

पूर्ववर्ती आंकड़े	1993–94					
	एमआईएस	एमआईएसजी 90	जीएम आईएस	जीएमआईएसबी 92	एमआईएसबी 93	एमआईपी 94
	पूल	पूल	पूल	पूल	पूल	पूल
(क) शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	14.86	11.36	13.00	11.71	10.96	10.06
(ख) सकल आय प्रति यूनिट में विभक्त;						
(i) निवेशों की बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	1.99	1.44	1.53	1.63	0.90	0.55
(ii) निवेश के अन्तर योजना विक्रय/अन्तरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	3.26	—	0.35	—	0.10	—
(iii) तृतीय पक्ष को निवेशों की बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.17	0.02	0.04	0.07	0.05	—
(iv) पिछले वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अन्तरण, प्रति यूनिट						
(ग) कुल व्यय अपलिखित, परिशोधन एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.10	0.03	0.05	0.05	0.07	0.06
(घ) शुद्ध आय, प्रति यूनिट	5.33	1.44	1.88	1.64	0.97	0.49
(ङ) वार्षिकीकृत आय (संचयी विकल्प) (अ-संचयी विकल्प)						
(च) निवेशों के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/ मूल्यह्रास, प्रति यूनिट	−0.12	0.80	1.71	1.00	0.86	0.04
(छ) बाजार मूल्य उच्चतम न्यूनतम पुनर्खरीद मूल्य उच्चतम न्यूनतम बिक्री मूल्य उच्चतम न्यूनतम लाभ उपार्जन अनुपात						
(ज) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट व्यय का अनुपात प्रतिशत में	0.65	0.23	0.36	0.45	0.65	0.57
(झ) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (गत वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अन्तरण को छोड़कर परन्तु अप्राप्त निवेशों में बढ़ोतरी को सम्मिलित करते हुए)	36.49	19.95	28.01	23.03	17.41	5.45
(ञ) प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	14.86	11.36	13.00	11.71	10.96	10.06

मासिक आय योजनाएं

1994-95								
एमआईपी 94 (II)	एमआईएमजी 90 पूल	जीएमआईएम पूल	जीएमआईएस बी92 पूल	एमआईएसबी 93 पूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95
10.10	10.91	13.03	11.49	10.78	9.87	9.58	9.47	10.05
0.05	1.40	1.72	1.64	1.34	0.96	0.67	0.17	0.06
—	—	0.03	0.17	0.08	—	—	0.03	—
—	0.04	0.05	—	—	0.01	0.01	-0.03	—
0.04	0.05	0.06	-0.07	0.06	0.07	0.07	0.07	0.01
0.02	1.40	1.74	1.74	1.36	0.90	0.60	0.10	0.05
							2.03	
							1.42	
0.09	0.28	1.00	0.05	0.27	-0.42	-0.40	-0.44	-0.02
0.35	0.46	0.49	0.56	0.55	0.66	0.76	0.69	0.14
1.42	15.49	21.51	16.06	15.47	9.73	2.84	-2.87	0.42
10.10	10.91	13.03	11.49	10.78	9.87	9.58	9.47	10.05

पूर्ववर्ती आंकड़े—

1995—

पूर्ववर्ती आंकड़े	एमआईएसजी 90 पूल	जीएमआईएम पूल	जीएमआईएसबी 92 पूल	एमआईएसबी 93 पूल	एमआईपी 94
(क) शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	10.89	13.95	12.57	11.44	10.44
(ख) सकल आय प्रति यूनिट में विभक्त :					
(i) निवेशों के बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	1.40	1.74	1.65	1.45	1.60
(ii) निवेश के अन्तर योजना विक्रय/अंतरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	—	0.05	0.10	0.02	0.11
(iii) तृतीय पक्ष को निवेशों की बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.06	0.51	0.12	0.03	0.08
(iv) पिछले वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अंतरण, प्रति यूनिट	—	—	0.04	—	0.01
(ग) कुल व्यय, अपलिखित, परिशोधन एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.04	0.07	0.07	0.07	0.08
(घ) शुद्ध आय, प्रति यूनिट	1.43	2.22	1.84	1.43	1.70
(ङ) वार्षिकीकृत आय (संचयी विकल्प) (अ-संचयी विकल्प)					
(च) निवेश के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/ मूल्यह्रास, प्रति यूनिट	0.26	0.72	0.41	0.40	−0.39
(छ) बाजार मूल्य					
उच्चतम					
न्यूनतम					
पुनर्खरीद मूल्य					
उच्चतम					
न्यूनतम					
बिक्री मूल्य					
उच्चतम					
न्यूनतम					
लाभ उपार्जन अनुपात					
(ज) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट व्यय का अनुपात प्रतिशत में	0.34	0.54	0.60	0.60	0.80
(झ) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (गत वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अंतरण को छोड़कर परंतु अप्राप्त निवेशों में बढ़ोत्तरी को सम्मिलित करते हुए)	15.82	22.39	19.30	17.09	17.55
(ञ) प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	10.89	13.95	12.57	11.44	10.44

मासिक आय योजनाएं

98

एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95	एमआईपी 95 (II)	एमआईपी 95 (III)	एमआईपी 96	एमआईपी 96 (II)
9.76	9.61	10.35	10.89	10.98	10.29	9.96
1.15	1.20	1.38	1.19	0.83	0.27	0.05
0.01	0.02	—	—	0.01	0.01	—
0.06	0.03	0.02	0.11	0.02	—	—
—	—	—	—	—	—	—
0.07	0.07	0.07	0.09	0.06	0.04	0.03
1.15	1.17	1.33	1.22	0.79	0.24	0.02
−0.42	−0.49	0.06	0.55	0.82	0.43	0.07
0.73	0.75	0.71	0.81	0.58	0.44	0.28
12.61	13.06	14.33	16.97	15.21	6.89	1.16
9.76	9.61	10.35	10.89	10.98	10.29	9.96

पूर्ववर्ती आंकड़े

1996–

*पूर्ववर्ती आंकड़े	*एमआईएस 90 पूल	*जी एमआईएस पूल	*जीएमआई एस बी 92 पूल	*एमआई एसबी 93 पूल	‡एमआई पी 94	एमआईपी 94 (II)	‡एमआईपी 94 (III)
(क) शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	10.85	12.34	13.37	11.53	10.39	9.73	9.69
(ख) सकल आय प्रति यनिट में विभक्त:							
(i) निवेशों की बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	1.89	3.85	1.63	1.15	1.29	1.15	1.27
(ii) निवेश के अन्तर योजना विक्रय/अंतरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.16	0.91	0.53	0.06	−0.23	−0.07	−0.03
(iii) तृतीय पक्ष को निवेशों की बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.10	0.72	0.01	0.01	0.02	0.06	−0.00
(iv) पिछले वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अंतरण, प्रति यूनिट	−0.00	1.08	0.12	0.00	0.00	0.00	−0.00
(ग) कुल व्यय, अपलिखित, परिशोधन एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.07	0.27	0.08	0.07	0.08	0.07	0.08
(घ) शुद्ध आय, प्रति यूनिट	2.08	5.20	2.11	1.15	1.01	1.07	1.17
(ङ) निवेशों के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास, प्रति यूनिट	0.07	0.34	0.11	0.27	0.03	−0.03	−0.28
(च) बाजार मूल्य							
उच्चतम							
न्यूनतम							
पुनर्खरीद मूल्य (संचयी विकल्प)				@14.20			12.13
उच्चतम				@13.30			11.15
न्यूनतम							
पुनर्खरीद मूल्य (मासिक विकल्प)				@10.00			9.15
उच्चतम				@10.00			8.80
न्यूनतम							
बिक्री मूल्य उच्चतम							
न्यूनतम							
लाभ उपार्जन अनुपात							
(छ) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट व्यय का अनुपात प्रतिशत में	0.65	2.04	0.59	0.65	0.75	0.74	0.79
(ज) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (गत वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अंतरण को छोड़ कर परन्तु अप्राप्त निवेशों में बढ़ोत्तरी को सम्मिलित करते हुए)	20.46	44.20	17.67	12.98	10.75	8.31	9.97
(झ) प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	10.85	12.34	13.37	11.53	10.39	9.73	9.69

*आंकड़े मूल के अनुसार है, अलग-अलग योजनाओं के अनुसार नहीं

‡आंकड़े अलग-अलग योजनाओं से संबद्ध है

मासिक आय योजनाएं

1997

#एमआईपी 95	#एमआईपी 95 (II)	#एमआईपी 95 (III)	#एमआईपी 96	#एमआईपी 96 (II)	#एमआईपी 96 (III)	#एमआईपी 96 (IV)	#एमआईपी 97	#एमआईपी 97 (II)	#एमआईपी 97 (III)
10.74	11.42	11.80	11.05	11.23	11.04	10.71	10.32	10.09	10.00
1.05	1.22	1.55	1.43	1.28	0.96	0.71	0.31	0.12	0.00
1.17	0.16	0.18	−0.10	0.10	0.03	0.02	0.00	0.00	0.00
−0.02	0.05	0.06	−0.00	−0.02	−0.00	0.01	0.00	0.00	0.00
0.00	0.01	0.00	−0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
0.08	0.13	0.12	0.12	0.12	0.09	0.07	0.06	0.01	0.00
1.12	1.30	1.66	1.40	1.24	0.90	0.57	0.25	0.11	1.00
0.38	0.77	1.24	0.90	1.21	1.12	0.69	0.37	0.12	0.06
12.15	12.60	12.45	11.50	--	--	--	--	--	--
10.85	11.00	11.65	11.50	--	--	--	--	--	--
9.65	10.05	10.40	9.75	--	--	--	--	--	--
9.30	9.45	10.00	9.75	--	--	--	--	--	--
0.76	1.13	1.05	1.11	1.11	0.82	0.66	0.58	0.12	0.04
14.47	19.69	26.63	22.73	24.23	19.16	13.29	6.61	2.34	0.61
10.74	11.42	11.80	11.05	11.23	11.04	10.71	10.32	10.09	10.00

@केवल एमएआईएमवी 93 के अंतर्गत

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग (न्यू मरीन लाईन्स), मुम्बई–400020, दूरध्वनि : 2068468।

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : कामर्स सेंटर–1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुम्बई-400005। दूरध्वनि : 2181600। पूर्वी अंचल : 2, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, कलकत्ता–700001। दूरध्वनि : 2209391। दक्षिणी अंचल : यू टी आई हाऊस, 29, राजाजी सलई, चेन्नई–600001। दूरध्वनि : 517101। उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13वीं मंजिल, टावर II, कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001। दूरध्वनि : 332 9860।

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : बी जे हाऊस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद–380009। दूरध्वनि : 6423043। बड़ौदा : मेघधनुष, चौथी और पांचवीं मंजिल, ट्रान्सपेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा–390015। दूरध्वनि : 332481। भोपाल : पहली मंजिल, गंगा जमुना कमर्शियल काम्प्लेक्स, प्लाट सं० 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल–1, स्कीम–13, हबीब गंज, भोपाल–462001। दूरध्वनि : 558308। इन्दौर : सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम० जी० रोड, इन्दौर–452001, दूरध्वनि 22796। मुम्बई : (1) यूनिट सं० 2, ब्लाक 'बी' गुरुमोहर क्रॉस रोड न० 9, अंधेरी पश्चिम), मुम्बई–400049। दूरध्वनि : 6201995 (2) पर्सेपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आंध्रा बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नवी मुम्बई–400703। दूरध्वनि : 7672607। (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैंक्वे रिक्लेमेशन, मुम्बई–400020। दूरध्वनि : 2850821। (4) श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस० वी० रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुम्बई–400092। दूरध्वनि 8980521। (5) सागर बोनांजा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुम्बई–400086। दूरध्वनि : 5162256। कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी० एस० नं० 511, के० एच०–1/2, 'ई' वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर– 416001। दूरध्वनि : 657315। नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, नागपुर–440001। दूरध्वनि : 536893। नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम० जी० रोड, नासिक–422001। दूरध्वनि : 572166। पणजी : ई० डी० सी० हाऊस, भूतल, डा० ए० बी० मार्ग, पणजी, गोवा–403001। दूरध्वनि : 222472। पुणे : सदाशिव विहार, तीसरी मंजिल, 1183, फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी रोड, पुणे–411005। दूरध्वनि : 325954। राजकोट : लल्लूभाई सेंटर, चौथी मंजिल, लखाजी राज रोड, राजकोट–360001। दूरध्वनि : 35112। सूरत : सैफी बिल्डिंग, ऊब रोड, ननपुरा, सूरत–395001। दूरध्वनि : 434550। ठाणे : यू० टी० आई० हाऊस, स्टेशन रोड, ठाणे (प०)–400601। दूरध्वनि : 5400905।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : ओ०सी०एच०सी० बिल्डिंग, 1ली एवं 2री मंजिल, 24, जनपथ, खारवेला नगर, राम मंदिर के समीप, भुवनेश्वर–751001। दूरध्वनि : 410995। कलकत्ता : 2, फेयरली प्लेस, कलकत्ता– 700001। दूरध्वनि : 2209391। दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेंटर, दुर्गापुर–713216। दूरध्वनि : 546136। गुवाहाटी : हिन्दुस्तान बिल्डिंग, 1ली मंजिल, एम० एल० नेहरू रोड, पानबाजार, गुवाहाटी–781001। दूरध्वनि : 543131। जमशेदपुर : 1–ए, राम मंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिस्तूपुर, जमशेदपुर–831001। दूरध्वनि : 425508। पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, भूतल और पांचवीं मंजिल, एक्जिबिशन रोड, पटना–800001। दूरध्वनि : 235001। सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सरणी, सिलीगुड़ी –734401। दूरध्वनि : 424671।

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : रहेजा टावर्स, 26–27, 12वीं मंजिल, पश्चिम विंग, एम० जी० रोड, बंगलोर– 560001। दूरध्वनि : 5595691। कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवीं मंजिल, एम० जी० रोड, एर्नाकुलम, कोचीन – 682011। दूरध्वनि : 362354। कोयम्बतूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, आर्टस कालेज रोड, कोयम्बतूर–641018। दूरध्वनि : 214973। हुबली : कालबुर्गी मैंशन, 4थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली–580020। दूरध्वनि : 363963। हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5–1–664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद–500195। दूरध्वनि : 4611095। चेन्नई : यू०टी०आई० हाऊस, 29, राजाजी सलई, चेन्नई–600001। दूरध्वनि : 517101। मदुराई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुराई–625001। दूरध्वनि : 38186। मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, पहली मंजिल, बाल–मत्ता रोड, मंगलोर–575001। दूरध्वनि : 426258। तिरुअनंतपुरम : स्वास्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम० जी० रोड तिरुअनंतपुरम– 695001। दूरध्वनि : 331415। त्रिची : 104, सलई रोड, थोरेयूर, तिरुचिरापल्ली–620003। दूरध्वनि : 760060। त्रिचूर : 28/700, वैस्ट पलियामाम बिल्डिंग, करुणा करण नंबियार रोड, राउण्ड नार्थ, त्रिचूर –680020। दूरध्वनि : 331259। विजयवाड़ा : 27–37–156. बन्दर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा–520002। दूरध्वनि : 74434। विशाखापतनम : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47/15/6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापतनम–530016। दूरध्वनि : 548121।

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा–282002। दूरध्वनि : 54408। इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद–211003। दूरध्वनि : 400521। अमृतसर : श्री द्वारकाधीश काम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, कचौलस रोड, अमृतसर–143001। दूरध्वनि : 210367। चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एल० आई० सी० बिल्डिंग, सेक्टर 17–बी, चंडीगढ़–160017। दूरध्वनि : 703683। देहरादून : दूसरी मंजिल, 59/3, रायपुर रोड, देहरादून–248001। दूरध्वनि : 746720। फरीदाबाद : बी– 614–617, नेहरू ग्राउंड, एन०आई० टी०, फरीदाबाद–121001। दूरध्वनि : 219156। गाजियाबाद : 41, नवयुग मार्केट, सिवानी गेट के समीप, गाजियाबाद–201001। दूरध्वनि : 790366। जयपुर : आनन्द भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर–302001। दूरध्वनि : 365212। कानपुर : 16/79ई, सिविल लाईन्स, कानपुर–208001। दूरध्वनि : 317278। लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ–226001। दूरध्वनि : 238591। लुधियाना : सूर्य–किरन फेस II, 92, दि माल, लुधियाना– 141001। दूरध्वनि : 441264। नई दिल्ली : गुलाब भवन, दूसरी–मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002। दूरध्वनि : 3318639। शिमला : फ्लैट सं० 401, 402, 403, 405, मुकेश एपार्टमेन्ट्स, फिंगस्क एस्टेट, होटल शील के पास, शिमला–171002। दूरध्वनि : 257803। वाराणसी पहली मंजिल, डी–58/2ए–1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी–221001। दूरध्वनि–358606।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 14 जुलाई 1998

सं० यूटी/डीबीडीएम/एसपीडी–107/आर–121/98–99– भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाए गए मास्टर वेल्यू यूनिट प्लान 1998 का पेशकश दस्तावेज, जिसे 29 अप्रैल, 1998 को हुई, कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया था, इसके नीचे प्रकाशित किया गया है।

ए० जी० जोशी
महाप्रबंधक,
व्यवसाय विकास विपणन विभाग

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मास्टर वेल्यु यूनिट प्लान 1998

पेशकश (आफर) दस्तावेज

पेशकश 01 जून 1998 से 30 जून 1998 तक खुली है

यूनिट योजना मास्टर वेल्यु प्लान 1998 भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अन्तर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाया गया है। यह पेशकश दस्तावेज योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करता है जो भावी निवेशक निवेश करने के पहले जानना चाहते हैं। पेशकश दस्तावेज भविष्य के संदर्भ हेतु रखे जाने चाहिए।

योजना के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम 1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं यथा तिथि तक संशोधित एवं सेबी के पास पंजीकृत है और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

योजना का उद्देश्य

यह एक इक्विटी योजना है। योजना का उद्देश्य बीएसई के बी ग्रुप के शेयरों और इसी तरह के शेयरों में निवेश के जरिए "पूंजी वृद्धि" करना है।

विशिष्टताएं

* यह पांच वर्ष की नियत कालिक इक्विटी योजना है जिसमें आगे 3/5 वर्ष की अवधि के लिए रोल ओवर का विकल्प है।

* यूनिट का अंकित मूल्य रु० 10/– है एवं यूनिटों की बिक्री सम-मूल्य पर की जाएगी।

* न्यूनतम निवेश रु० 5,000/– और उसके बाद रु० 1,000/ के गुणकों में किया जा सकता है। कोई अधिकतम सीमा नहीं है।

* यह एक वृद्धि योजना है। इस उद्देश्य के अनुरूप इस योजना के अन्तर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा।

* योजना का एनएवी साप्ताहिक अंतरालों पर निर्धारित किया जाएगा।

* योजना अभिदान की समाप्ति से छः माह के भीतर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध की जाएगी।

* आय और पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां एनआरआई तथा ओसीबी के लिए पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय है जहां निवेश विदेशों में विप्रेषण के माध्यम से या एनआरई खाते को नामे करके अथवा एफसीएनआर जमाओं की राशि से चेक/ड्राफ्ट जारी करके किया जाता है।

* पूंजी वृद्धि से पूंजीगत अभिलाभ पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 तथा 112 के अन्तर्गत कर लाभ। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54 ईए के अन्तर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट, बशर्ते अवरुद्ध अवधि स्वीकृत तिथि से तीन वर्ष की हो।

II. परिभाषाएं

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की गयी हो और योजना के खण्ड 4 के अन्तर्गत आवेदन करता हो।

(ङ) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(च) "फर्म", "भागीदार" और "भागीदारी" के अर्थ भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में दिए गए अर्थ हैं, परन्तु अभिव्यक्त भागीदार में कोई भी व्यक्ति सम्मिलित हो सकता है, जो नाबालिग हो और जिसे भागीदारी के लाभ प्राप्त करने के लिए शामिल किया गया हो।

(छ) "सूचीबद्धता" का अर्थ मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर व्यवसाय करने के प्रयोजन से यूनिटों का सूचीबद्ध किया जाना है।

(ज) "मानसिक विकलांग व्यक्ति" का अर्थ है वह व्यक्ति, जो ऐसी मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो।

(झ) "अनिवासी भारतीय (एनआरआई)" का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है। जैसा कि मूलतः अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता-पिता या पितामह पितामही में से कोई भी श्रेणी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पितृपक्ष या मातृपक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो।

(ञ) "जारी समझे जाने वाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है।

(ट) "विदेशी निगमित निकाय" (ओसीबी) के अन्तर्गत विदेशी कंपनियां, भागीदारी फर्म, समितियां और अन्य निगमन निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60% लाभप्रद हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हो, शामिल हैं।

(ठ) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है।

(ड) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिये ली जा सकें।

(ढ) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(ण) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(त) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है।

(थ) "ट्रेडिंग" का तात्पर्य यूनिटों के पहले आबंटन के बाद राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) के थोक ऋण खंड के जरिए यूनिटों के खरीद अथवा बिक्री में व्यवहार से है।

(द) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित "मूल्य" का एक अविभक्त शेयर है।

(ध) "यूनिट पूंजी" का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है।

(न) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(प) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।

(फ) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं।

3. जोखिम के तत्व

- म्यूचुअल फंड एवं प्रतिभूतियों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और ऐसा कोई आश्वासन या गारंटी नहीं है कि योजना के उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया जाएगा।
- नियत अवधि वाली योजनाओं में निवेश, विरल सौदे/एनएवी पर बट्टा काट कर उक्त की गई यूनिटों का सामान कर सकता है । अतः जैसे कि प्रतिभूतियों में किसी भी निवेश के समान, योजना की यूनिटों का एनएवी पूंजी बाजार को प्रभावित करने वाले कारक एवं शक्तियों के अनुसार ऊपर या नीचे जा सकता है ।
- पूर्व योजनाओं का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है ।
- मास्टर वेल्यू यूनिट प्लान 1998 केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता या भविष्य के परिणामों एवं आय की ओर संकेत नहीं करता है ।
- बी ग्रुप के समान प्रतिभूतियों में सामान्य तरलता की कमी के कारण, निवेश उद्देश्य की प्राप्ति में अपेक्षित समय से अधिक समय लग सकता है । चूंकि ऐसे शेयरों का मूल्य बाजार को प्रभावित करने वाले कारकों एवं शक्तियों पर निर्भर करता है इसलिए उद्धरण के समय ऐसे शेयरों का बाजार मूल्य समभूल्य से नीचे हो सकता है ।

4. यूनिट एवं पेशकश

1. यह योजना मास्टर वेल्यु यूनिट प्लान 1998 (एमवीयूपी '98) कही जाएगी ।

2. यह योजना पांच वर्षों के लिए अर्थात् 1 जुलाई 1998 से 30 जून 2003 तक के लिए होगी।

3. यूनिटों की बिक्री 1 जून 1998 से 30 जून 1998 तक 30 दिनों के लिए होगी । बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी सन्य युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं ।

4. इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपए होगा।

5. यूनिटों के लिए आवेदन :

यूनिटों के लिए आवेदन निवासियों और अनिवासियों द्वारा भी किये जा सकते हैं ।

निवासी,

(i) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त ।

(ii) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक । बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकते हैं ।

(iii) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रतिसंहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल है ।

(iv) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए कोई व्यक्ति ।

(v) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(vi) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(vii) कंपनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निर्मित कंपनी सहित अन्य निगमित निकाय एवं बैंक ।

(viii) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(ix) सेना/नौसेना/वायु सेना/पैरामिलिट्री निधियां ।
(x) भागीदारी फर्म* ।
(xi) सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयां
(xii) व्यक्तियों का संघ/निगमित निकाय
(xiii) वित्तीय संस्थान
(xiv) निवेशकों की कोई अन्य श्रेणी

अनिवासी पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय आधार पर :

(i) अनिवासी वयस्क व्यक्ति या तो एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त ।

(ii) नाबालिग अनिवासी की ओर से पिता/माता/सौतेले माता-पिता/विधिक अभिभावक ।

(iii) अनिवासी हिंदू अविभक्त परिवार ।

(iv) अनिवासी कंपनी/विदेशी निगमित निकाय जिनमें अनिवासी भारतीयों का स्वत्वाधिकार कम से कम 60% तक हो ।

सेबी के पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशक

*भागीदारी फर्म द्वारा आवेदन, फर्म के अधिकतम तीन सदस्यों द्वारा किया जाना चाहिए तथा ट्रस्ट सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए प्रथम नामित यूनिटधारक को ही सदस्य के रूप में मान्यता देगा ।

6. न्यूनतम निवेश राशि

आवेदन न्यूनतम रु० 5,000/- और उसके बाद रु० 1,000/- के गुणकों में किया जा सकता है । कोई/अधिकतम

सीमा नहीं होगी । रु० 50,000/– और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पी/ए०एन/जीआईआर नंबर है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करे ।

7. एकत्र की जानेवाली न्यूनतम लक्ष्य राशि

योजना के अंतर्गत एकत्र की जानेवाली लक्ष्य राशि 50 करोड़ रुपए होगी । अत्यभिदान यदि कोई हो, तो पूरा धारित किया जाएगा ।

यदि 50 करोड़ रुपये की लक्ष्य राशि का अभिदान न हो, तो योजना के अंतर्गत एकत्र की गई सम्पूर्ण राशि को यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताह के भीतर ट्रस्ट द्वारा खाते में देय चैक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा धन वापस किया जाएगा ।

उक्त अनुबद्ध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा ।

8. सूचीबद्धता

अभिदान बंद होने की तारीख से छः माह के भीतर इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिट मुंबई स्टाक एक्सचेंज और नेशनल स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध किए जाएंगे । सेबी (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 के विनियम 32 के अनुसार सेबी से योजना का अनुमोदन प्राप्त होने के तुरंत बाद शेयर बाजार को सूचीबद्धता के लिए आवेदन किया जाएगा ।

9. यूनिट प्रमाणपत्र

ट्रस्ट, स्कीम के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताहों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र भेजेगा । यूनिट प्रमाणपत्र अंतरणीय है और निवेशक के योजना में शामिल होने का वैध साक्ष्य है ।

यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट के कार्यपालक निदेशक द्वारा निर्धारित किए गए प्रारूप में होगा ।

अनिवासी भारतीय सदस्य यूनिट प्रमाणपत्र के प्रेषण के लिए निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का चयन कर सकता है :

(i) आवेदक के भारतीय/विदेशी पते पर

या

(ii) आवेदक के भारत में स्थित रिश्तेदार के पते पर

10. यूनिटों का अंतरण गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिटें निम्नलिखित शर्तों के अधीन अंतरणीय/गिरवी रखे जाने योग्य/समनुदेशनीय होंगी :

(1) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाणपत्र परक्राम्य है और जैसा कि मद 5 "यूनिट एवं पेशकश" में उल्लेख किया गया है इसे व्यक्तियों, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है ।

(2) यूनिट धारण करने की क्षमता रखने वाले अंतरणकर्ता (संयुक्त धारिता के मामले में सभी अंतरणकर्ता) और अंतरिती (संयुक्त क्रय के मामले में सभी अंतरिती) के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा । किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा ।

(3) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण दस्तावेज तथा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क इस कार्य हेतु नियुक्ति किए गये रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते है ।

(4) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण संलेख नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे ।

(5) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट धारक समझा जाएगा ।

(6) अंतरणकर्ता के स्वत्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगे ।

(7) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नस्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरूरी समझे, को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे ।

(8) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी लिखित और यूनिट-प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगें,

(9) अंतरण को मान्यता देने वाले तथा पंजीकृत करने वाले रजिस्ट्रार, उक्त अंतरण एवं प्रमाणपत्रों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाण-पत्र अंतरिती को जारी करेंगे ।

(10) यदि कोई अंतरिति अधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटो के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य

जिसे पर्याप्त समझें, के प्रस्तुतीकरण के अधीन अंतरण प्रभावी करेंगे ।

(11) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को आय वारंट, यदि कोई हो, सहित यूनिट प्रमाणपत्र अंतरण संबंधी सभी लिखतों के साथ वापस करेगा ।

11. योजना की समाप्ति :

(i) योजना 30 जून, 2003 को पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी, यूनिटधारकों के बकाया यूनिटों को उन्मोचित किया जाएगा और सदस्यों को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी प्रतिदान मूल्य अर्थात निदान की तिथि को एन ए वी पर की जाएगी । प्रतिदान मूल्य की प्राप्ति के अलावा बाद की किसी अवधि के लिए प्रतिदान मूल्य में वृद्धि या आय के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा । फिर भी, सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को अगले 3/5 वर्षों के लिए बढ़ाने ट्रस्ट के अधिकार सुरक्षित हैं । ऐसी स्थिति में यूनिटधारकों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें । ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित करने के साथ-साथ ट्रस्ट की किसी सतत खुली योजना में ट्रस्ट द्वारा उस समय निर्धारित की गई शर्तों पर अंतरण कर सके ।

योजना अवधि का अगले 3/5 वर्षों के लिए विस्तार । विनियम 33 के उपविनियम 4 के अनुसार होगा । उपविनियम के प्रावधान हैं :

एक नियत कालिक योजना परिपक्वता अवधि के उपरांत पूरी तरह उन्मोचित होगी ।

बशर्ते नियतकालिक योजना को रोल-ओवर की अनुमति दी जाएगी यदि रोल-ओवर के उद्देश्य, अवधि एवं अन्य शर्तें एवं रोल-ओवर के तुरंत पहले आस्तियों का संभावित निपटान सहित योजना की महत्वपूर्ण जानकारियां, शुद्ध आस्तियां एवं योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य का प्रकटीकरण यूनिटधारकों को और इसकी एक प्रति सेबी को भेजी गई हो ।

बशर्ते इसके आगे, केवल उन्हीं यूनिटधारकों के मामले में रोल-ओवर की अनुमति दी जाए जिन्होंने लिखित में अपनी सहमति दी हो एवं जो यूनिटधारक रोल-ओवर का विकल्प नहीं चुनते हैं या लिखित सहमति नहीं देते हैं उन्हें शुद्ध आस्ति मूल्य पर अपनी धारिताओं का पालन करने की अनुमति दी जाए ।

(ii) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(क) योजना के पांच वर्ष पूरे होने पर अर्थात् 30 जून, 2003 को अथवा 5 वर्ष के आगे ऐसी तारीख समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो ।

(ख) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो,

या

(ग) योजना के 75% यूनिट धारकों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(घ) यूनिटधारकों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे ।

(iii) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (ii) के अनुसरण में योजना की समाप्ति की जाती है तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी ।

(ix) योजना की समाप्ति सम्बन्धी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट —

(क) इस योजना से सम्बन्धित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(ख) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा ।

(ग) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिपादन भी बन्द करेगा ।

(v) न्यासी मंडल यूनिट धारकों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित यूनिट धारकों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

परन्तु यदि योजना परिपक्वता अवधि के पूरा होने पर समाप्त की जाती है तो बैठक आवश्यक नहीं होगी ।

(vi) (क) न्यासी मंडल या योजना के रूप खंड (v) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से सम्बन्धित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(ख) ऊपर दिए गए खण्ड (vi) (क) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अन्तर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप

से देय हों और ऐसी समाप्ति से सम्बन्धित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिटधारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(VII) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिधारकों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए किया गया योजना का व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र भेजेगा ।

(VIII) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी [म्यूचुअल फंड], विनियम 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के के लिए लागू रहेंगे जब तक कि कार्यवाही योजना की समाप्ति की पूरी नहीं हो जाती है या योजना समाप्त नहीं हो जाती है ।

(IX) उपरोक्त खण्ड (VII) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

(X) ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रियाएं और परिचालन सम्बन्धी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र प्रतिदान मूल्य का भुगतान किया जाएगा । यूनिट प्रमाण-पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे ।

(XI) अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद परिपक्वता राशि निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए निम्नानुसार विप्रेषित की जाएगी :

(क) जब यूनिटों की खरीद विदेश से विप्रेषित विदेशी मुद्रा से की गई हो अथवा यूनिट धारक की एफसीएनआर जमाओं की राशि से की गई हो अथवा यूनिट धारक के भारत में स्थित अनिवासी (बाह्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो प्रतियां, यूनिट धारक को विदेशी मुद्रा में विप्रेषित की जा सकती हैं ।

(ख) जब यूनिटों की खरीद यूनिट धारक के अनिवासी (सामान्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो परिपक्वता चेक भारत में निवेशकों के रिश्तेदार को प्रेषित किया जाएगा जिसे यूनिट धारक के एनआरओ खाते में जमा किया जाएगा ।

V. व्यय

(क) पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटें सम-मूल्य पर बेची जाएंगी ।

(ख) (i) योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का प्रारंभिक निर्गम पूर्व व्यय 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा । योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	प्रतिशत
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.75
एजेंटों को कमीशन	1.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
स्टाम्प शुल्क	0.50
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा ।

(ii) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं का प्रारंभिक निर्गम व्यय इस प्रकार है :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
एमएमएमएफ	—
एमआईपी–96 (II)	2.51
एमआईपी–96 (III)	2.93
एमआईपी–96 (IV)	2.61
एमआईपी–97	2.57
जीआईपी–91	3.00
ईओएफ	3.76
एमईपी–97	5.56
आई आईएमएफएफएस–96	0.31

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं के सम्बन्ध में ट्रस्ट द्वारा वहन किए गए व्यय (डीआरएफ द्वारा प्रभारित) इस प्रकार है :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
एमएमएमएफ	0.02
ईओएफ	6.33
एमईपी–97	3.13

(ग) आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :

व्यय	प्रतिशत
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.25
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
प्रक्रियात्मक शुल्क	0.75
योग	2.50

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन है। फिर भी, सेबी (म्यूचअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकल निधि की 6% की सीमा के भीतर होंगे।

योजना का कुल वार्षिक आवर्ती व्यय आरंभिक निर्गम व्ययों एवं प्रतिदान व्ययों को छोड़कर परंतु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमा के अधीन होंगे :

(i) प्रथम 100 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर 2.50 प्रतिशत

(ii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर —2.25 प्रतिशत

(iii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर —2.00 प्रतिशत

(iv) आस्तियों के शेष पर —1.75 प्रतिशत

प्रशासनिक व्यय विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान, सेबी (एमएफ) विनियम, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अन्तर्गत उल्लिखित सीमा से अधिक नहीं होंगे। नामतः

(i) योजना के लिए प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों का एक और चौथाई प्रतिशत, जब तक कि शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो जातीं, और

(ii) 100 करोड़ रुपए से ऊपर की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत, जहां इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक हो।

सेबी (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 के अनुसार, यूटीआई निवेश प्रबंधन एवं परामर्श शुल्क पर कोई प्रभार नहीं लेता है। तथापि, यूटीआई द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्गम पूर्व व्यय एवं वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत दर्शाई गई सीमा के भीतर ही होंगे।

(घ) विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंग होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि को स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983–84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के अस्तित्व के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किसी भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिफल की दर में कमी होने पर, उनको पूर्ण करने के लिए भी किया जा सकता है।

(ङ) कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट का स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

IV. यूनिटों की बिक्री

1. पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी। ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री संविदा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री-संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को उसके विकल्प के अनुसार यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था, फर्म या निगमित निकाय को जारी यूनिट प्रमाणपत्र पात्र संस्था/फर्म/निगमित निकाय के नाम से जारी करेगा। इस प्रकार प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

ट्रस्ट प्लान के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 6 हफ्तों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र भेजने का प्रयास करेगा।

2. भुगतान विधि

(1) (i) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदक पत्र के साथ नकद, चैक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। यदि आवेदन

यूटीआई के शाखा कार्यालयों में जमा किए जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित यूटीआई शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है।

लेकिन, जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय संग्रहण केन्द्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिए आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिए देय बैंक प्रभार घटाकर भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देश के अनुसार बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट को भेजते हुए ऐसा कर सकता है। संग्रहण केन्द्रों/विशेष बिक्री कार्यालयों को, स्थानीय देय चेक अथवा उन स्थानों में जहां तक योजना विकेन्द्रीकृत है, देय मांग पत्र के साथ, जिसमें आवेदक, भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रभार कम कर सकता हो, आवेदन स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है, उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु० 10,000/– है तथा बैंक ड्राफ्ट प्रभार इस राशि के लिए रु० 20/– है। इस तरह, ड्राफ्ट के रु० 9,980/– (रु० 10,000/– में से रु० 20/– घटाकर) लिए बनवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार योजना के आरंभिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा।

किन्तु जहां ट्रस्ट का कार्यालय संग्रहण केन्द्र/विशेष बिक्री कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही वहन करना होगा।

(II) यदि भुगतान चैक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चैक प्राप्ति की तिथि होगा बशर्ते चैक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन, आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए। यदि इस योजना के अंतर्गत आवेदन राशि न्यूनतम निवेश से कम है, तो सम्पूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगा।

(III) प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय (यदि कोई हो) तथा पूंजी वृद्धि पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा। इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है :

(क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट

(ख) विदेशी बैंकों/विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंकों पर आहरित हो।

(ग) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एनआरआई खाते पर आहरित चेक द्वारा।

(घ) एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा।

इसके अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है। यूनिटों में निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो।

यदि कोई कमी पड़ती हो, तो उसे एनआरआई निदेशक द्वारा विप्रेषित किया जाएगा।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी जाती है कि एनआरआई/ओसीबी निवेशक उपर्युक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों के द्वारा अदायगी करें।

(iv) प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश विधि

जहां एन आर ओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और उन पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होगी।

तथापि भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए०डी० (एम०ए० श्रृंखला) सं० 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होंगी।

जबकि इन मामलों में यूटीआई-एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगा, निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर आय का प्रेषण प्राप्त करना चाहते हों तो अपने बैंक/कर सलाहकार से सम्पर्क करें।

3. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(i) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों के साथ) यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत की जाएंगी ।

(ii) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उप-धारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किए गए कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(iii) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है। ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा ।

(iv) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी ।

(v) फर्म को यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और यूनिट प्रमाणपत्र फर्म के नाम से बनाया जाएगा ।

4. आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटें जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर सकता है :

(i) यदि आवेदन रु० 5,000/- की न्यूनतम निवेश राशि से कम के लिए प्राप्त हुआ हो,

(ii) यदि आवेदन पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित न हो और

(iii) यदि आवेदक, योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। योजना में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा ।

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी ।

अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राशि वापस की जाएगी ।

5. यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा

नाबालिग मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति की तरफ से योजना में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाण-पत्र/मानसिक विकलांगता के मामले में मनोचिकित्सक या नेत्र चिकित्सक का प्रमाण-पत्र ।

भागीदारी/न्यासों/सहकारी समितियों/निगमित निकायों/कंपनियां जैसे निकायों की तरफ से यूनिटों के लिए आवेदन के साथ भागीदारी की भागीदारी संलेख की प्रमाणित प्रति-न्यासी का न्यास संलेख/समिति के उपनियम/निगमित निकायों को शासित करने वाला अधिनियम योजना में निवेश करने हेतु प्रबंध समिति को संकल्प के साथ कंपनी के अंतर्नियम एवं बहिर्नियम । यूनिटों के प्रतिदान के समय औपचारिकताओं के अनुपालन के लिए निकाय के संबंधित अधिकारी/(अधिकारियों) को अधिकृत करने वाले प्रबंध निकाय का संकल्प प्रस्तुत करना होगा ।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी यूनिटधारिता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम यूनिटधारकों के रजिस्टर से काट दिया जाएगा ।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किए गए आय वितरण को यूनिटों पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे ।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिए राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

VI आय एवं वितरण

यह एक वृद्धि योजना है। इस उद्देश्य के अनुरूप इस योजना के अन्तर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा। तथापि आय वितरण/बोनस घोषित करने के ट्रस्ट के अधिकार सुरक्षित है ।

निवेशकों के बैंक विवरण

इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा :

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने समाशोधन गृह के जरिये एक नई अवधारणा इलैक्ट्रानिक समाशोधन सेवा (ई० सी० एस०) आरम्भ की है जिससे कागज के लिखतों को जारी करने तथा उनको संभालने की आवश्यकता का निराकरण किया जाये और इस प्रकार ग्राहक सेवा में सुधार करके उसे सुविधाजनक बनाया जा सके। ट्रस्ट द्वारा यह मुख्य रूप से मुम्बई में ऐसे लघु निवेशकों की सहायता करने हेतु आरम्भ किया गया है जिनकी लाभांश से होने वाली आय एक लिखत के अनुसार रु० 1,00,000/— से कम है।

इस सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निवेशक से अपेक्षित है कि वह ई० सी० एस० हेतु अपना अधिदेश आवेदन पत्र में दिये गये प्रारूप के के अनुसार उसमें सभी विवरण पूरा करके प्रस्तुत करे। इससे ट्रस्ट को निवेशक के संबंधित बैंक खाते में आय की राशि अतिशीघ्र जमा करने में सहायता मिलेगी तथा आय वारन्ट के मुद्रण एवं प्रेषण सम्बन्धी कार्य नहीं करेंगे और वह निवेशकों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकेगा। बैंक शाखा सदस्य के खाते में क्रेडिट करेगी तथा पासबुक /खाता विवरण में क्रेडिट प्रविष्टि को "ईसी एस" से निर्दिष्ट करेगी। जो आवेदक यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं वे आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और पता, खाते का प्रकार और नम्बर, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा कूट संख्या इत्यादि भरें।

यद्यपि इस सुविधा का लाभ प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है।

यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं है या किसी अन्य कारण से इसका संचालन नहीं किया जा सके तो "ई० सी० एस." के अन्तर्गत आय का भुगतान करने के बजाय ट्रस्ट चेक जारी करके आय की अदायगी कर सकता है।

आय वितरण वारन्टों के खो जाने गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर उपरोक्त सुविधा का लाभ नहीं उठाने वाले तथा मुम्बई से बाहर रहने वाले आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिये आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात खाते का प्रकार एवं खाता प्रसंख्या बैंक का नाम) दें। तथा आय वितरण वारन्ट इस प्रकार से निर्दिष्ट किये गये उनके खाते में जमा करने के लिये बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जायेंगे। यूनिट धारक कथित बैंक में अपने खाते में जमा (क्रेडिट) करने हेतु उस आय वितरण वारन्ट को प्रस्तुत कर सकते हैं।

यदि बैंक सम्बन्धी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारन्ट यूनिट धारक के नाम से जारी किया जायेगा। चेक के जालसाजी या धोखाधड़ी द्वारा गलत हाथों में जाने से हुई हानि के लिये यू० टी० आई० और बैंकर उत्तरदायी नहीं होंगे।

आय वितरण वारन्ट परिपक्वता चेकों के कपटपूर्ण नकदीकरण से बचने के लिये सेबी ने निवेशकों के अपने हित में आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर बैंक ब्यौरा भरना अनिवार्य कर दिया है।

अनिवासी भारतीय निवेशक को आय वितरण

योजना के अन्तर्गत आय मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा की जायेगी। आय के भुगतान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है :

(i) वारन्ट निवेशक के नाम जारी किया जा सकता है सदस्य के एन० आर० ई०/एन० आर० ओ० खाते में जमा करने के लिये उसके किसी ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो।
अथवा

(ii) वारन्ट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किया जा सकता है जो भारत का निवासी हो तथा उसे भेजा जा सकता है ताकि वह अपने खाते में जमा कर सके।

viii. निवेश उद्देश्य, नीतियां एवं स्टाक उधार देना

1 निवेश उद्देश्य

योजना का उद्देश्य मुख्यत: बी० एस० ई० के बी ग्रुप के शेयरों और उसी तरह के शेयरों में निवेश के जरिये "पूंजी वृद्धि" करना है।

योजना के अन्तर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारम्भिक परिचालन पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद सामान्यत: निम्न रूप में निवेश किया जायेगा।

(i) निधियों का कम से कम 80 निवेश बी० एस० ई० के बी ग्रुप के शेयरों और इसी प्रकार शेयरों में किया जायेगा। ट्रस्ट निम्नलिखित से कोई एक विशेषता वाली अच्छी मध्यम से दीर्घकालिक भविष्य वाली कम्पनियों में निवेश करेगा।

(क) न्यून मूल्य/उपार्जित अनुपात या

(ख) न्यून मूल्य सहित आकर्षक लाभांश देने वाली कम्पनियां

(ग) न्यून मूल्य से बही मूल्य अनुपात या

(घ) अपेक्षाकृत सकबी लेकिन आशाजनक संभावना वाली या

(ङ) सममूल्य/निर्गम मूल्य से नीचे उधृत लेकिन आशाजनक भविष्य वाले शेयर ।

(च) ट्रस्ट के विकल्प के अनुसार आशाजनक भविष्य वाला अन्य कोई शेयर।

(ii) निधियों के 20% तक का इक्विटी और इक्विटी से संबद्ध लिखतों में निवेश किया जायेगा जो वारन्टों, परिवर्तनीय, व्युत्पन्न और मुद्रा बाजार सहित और उल्लिखित श्रेणी में नहीं आते हैं।

न्यूनतम और अधिकतम आस्ति विनियोजन :

बी० एस० ई० के बी ग्रुप और इसी तरह के अन्य शेयर —न्यूनतम 80% अधिकतम 100%

अन्य इक्विटी और इक्विटी संबंद्ध लिखत और मुद्रा बाजार लिखत —अधिकतम 20%

ट्रस्ट, सुरक्षा के ख्याल से अल्प अवधि के लिए आस्ति निर्धारण के विकल्प को बदलने का विकल्प रखता है।

ऊपर बताये गये निवेश उद्देश्यों के अनुसार योजना की निधियों के प्रतिभूतियों में विनियोजन किये जाने तक ट्रस्ट योजना की निधियों का निवेश अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अल्पावधि जमाओं में कर सकता है।

2. पोर्टफोलियो टर्नओवर

जैसा कि निधियों का बी ग्रुप प्रकार प्रतिभूतियों में निवेश किया जायेगा इसलिये पोर्टफोलियो टर्नओवर नगण्य होगी।

3. मूल विशेषताएं

"मूल विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित है।

(क) योजना का प्रकार: मास्टर वेल्यु यूनिट प्लान 1998 एक नियतकालिक इक्विटी योजना है।

(ख) निवेश उद्देश्य जैसा कि खण्ड VIII (1) में बताया गया है।

(ग) निर्गम की शर्तें: सूचीबद्धता, यूनिटों के प्रतिदान एवं व्यय के सम्बन्ध में इस पेशकश दस्तावेज में प्रावधान है।

योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन कम से कम तीन चौथाई सदस्यों की सहमति से किया जायेगा। आगे मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन होने पर जो यूनिट-धारक अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी यूनिट-धारिताओं का मोचन करने की अनुमति होगी।

बोर्ड समय-समय पर योजना और परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जायेगा। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जायेगा।

4. निवेश नीतियां

(i) इस योजना द्वारा कोई वायदा ऋण नहीं दिये जायेंगे।

(ii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामले में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे पंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का जायदा (फैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े।

(iii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अन्तरण ट्रस्ट के नाम से करवायेगा।

(iv) योजना सेबी की स्टॉक उधार देने की योजना के अनुसार प्रतिभूतियों को उधार दे सकती है।

(v) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी:

(क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कम्पनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति; या

(ख) ट्रस्ट की समूह या सहायक कम्पनी I द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या

(ग) ट्रस्ट की समूह कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं के शुद्ध आस्तियों के 25% का अधिक्य है ।

(vi) प्लान की प्रतिभूतियों के लेन-देन के लिए शेयर दलाली फर्म और यू०टी०आई० की सहायक संस्था यू०टी० आई० सिक्योरिटीज एक्सचेंज लिमिटेड (यू०टी०आई० एस०ई०एल०) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यू०टी०आई० एस०ई०एल० 1991 में स्थापित की गई थी। यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली उच्च तकनीकी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है।

5. ऐसी योजनाओं की सूची जिनमें कंपनियों ने 31-12-97 को समाप्त अवधि के लिए एक योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक निवेश किया है।

क्रम सं०	योजना का नाम	योजना आस्ति के 5 प्रतिशत से अधिक धारिता वाली कंपनी का नाम	कंपनी द्वारा निवेश की गई राशि (रु० करोड़)	योजना के कुल शुद्ध आस्ति का प्रतिशत
1	2	3	4	5
1.	पी ई एफ 1995	बैंक आफ बड़ौदा	26.43	15.65
2.	ग्रैंड मास्टर	बैंक आफ बड़ौदा	26.56	24.89
3.	आई आई एम एफ यू एस' 96	दी सूरत पीपल्स को० आप बैंक लि० सूरत	21.00	10.52
4.	आई आई एम एफ क्यू एस '97	एच डी एफसी	125.00	17.81
		हिन्दुस्तान लीवर लि०	50.00	7.12
5.	यू टी आई-एम एम एफ	एस एच सी आई एल	28.39	25.02
		यू टी आई बैंक लि०	10.30	9.08
		बी ओ आई म्यूचुअल फंड	9.78	8.62
		अरविन्द मिल्स	9.62	8.48
		ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज	8.5	7.49
6.	यू टी आई-आई ई एफ	आई डी बी आई	10.00	34.37
		आई सी आई सी आई	3.00	10.31
		आई सी आर ए	2.10	7.21
7.	एम आई पी 97 (IV)	ओरिएण्टल बैंक आफ कामर्स	51	5.87
		एच पी स्टेट को-आप० बैंक लि०	47	5.41

31-12-97 को समाप्त अवधि के लिए उस योजना द्वारा या यू टी आई की किसी अन्य योजना द्वारा उस कम्पनी में या उसकी अनुषंगी में सकल आधार पर किया गया निवेश ।

(रु० करोड़ में)

कंपनी का नाम	इक्विटी (लागत)	ऋण (लागत)	मीयादी ऋण	जमा	कुल
1	2	3	4	5	6
अरविन्द मिल्स	100.05	8.27	0.10	0.00	108.42
बैंक आफ बड़ौदा	20.12	0.00	0.00	0.00	20.12
बी ओ आई म्यूचुअल फंड	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज	32.09	0.00	0.00	0.00	32.09
एच डी एफ सी	299.72	0.00	0.00	145.00	444.72
एच डी एफ सी बैंक लि०	0.83	0.00	0.00	0.00	0.83
हिन्दुस्तान लीवर लि०	648.47	5.85	0.00	—	654.32
एच पी स्टेट को० आप० बैंक लि०	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
आई सी आई सी आई	307.50	1193.18	885.00	45.00	2430.68
आई सी आई सी आई बैंकिंग कारपोरेशन लि०	7.05	0.00	0.00	0.00	7.05
आई सी आई सी आई सिक्योरिटीज एण्ड फाइनेंस कंपनी लि०	0.00	33.00			33.00
आई सी आर ए	2.92	0.00	0.00	0.00	2.92
आई डी बी आई	374.50	1097.56	0.00	0.00	1472.06
एस आई डी बी आई (आई डी बी आई अनुषंगी)	0.00	17.86	0.00	0.00	17.86
एस एच सी आई एल	4.96		6.25	0.00	11.21
ओरियण्टल बैंक आफ कामर्स	10.67	0.00	0.00	0.00	10.67
दी सूरत पीपल्स को० आप० बैंक लि० सूरत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
यू टी आई बैंक लि०	111.40	0.00	0.00	0.00	111.40

6. तथापि, ऊपर खण्ड VIII (4), XI(1) और XI(2) के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों/निवेशों के अनुसरण में होगा ।

IX. अंतर योजना अंतरण

इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब—

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों ।

स्पष्टीकरण : "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं ।

(ग) प्लान की असूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में अंतरण यू०टी० आई० के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

X. संयुक्त सौदे एवं उधार

1. योजना ट्रस्ट या किसी दूसरे म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तरयोजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक न हो ।

2. योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या यूनिटधारकों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी ।

परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी ।

3. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त है :

(i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति जो सरकार या रिजर्व बैंक न हो, ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं परिस्थितियों पर जिस पर वे आपस में सहमत हो उधार ले सकता है ।

(ii) ट्रस्ट रिजर्व बैंक से उधार ले सकता है—

(क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अवर संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार उधार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो ।

(ख) केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से बॉण्डों की प्रतिभूति के प्रति जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है मांग या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय है ।

(ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिजर्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट को ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर :

बशर्ते कि इस खण्ड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी समय बकाया इससे ज्यादा न हो—

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो एवं

(ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए ।

(iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बॉण्ड के मूल राशि की अदायगी की गारंटी केन्द्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बाण्ड जारी करते समय केन्द्रीय सरकार द्वारा निश्चित दर पर किया जाएगा ।

XI. एनएवी निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन

1. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा । प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग देकर किया जाएगा । योजना के आरंभ होने के छः माह के बाद और उसके बाद साप्ताहिक आधार पर शुद्ध आस्ति मूल्य समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा ।

2 इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन

(i) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है । यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिनों पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है ।

(ii) अनोधृत/गैर-व्यापारिक इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन प्राप्तियों के पूंजीकरण और बही मूल्य (विश्लेषित मूल्य) के औसत में से 10% घटाकर किया जाता है ।

(iii) अनोधृत वारंट, पड़े हुए शेयरों की बाजार दर पर, आय तत्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके, लिए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है ।

(iv) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बाण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहा परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें आय तत्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बाण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर, जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, किया जाता है । जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है ।

(v) मांग मुद्रा में निवेश, बट्टा योजना के अंतर्गत खरीदे गए बिलों एवं बैंक को अल्प अवधि जमाओं का मूल्यांकन लागत और प्रौद्भवन पर किया जाएगा अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन उस मूल्य पर किया जाएगा जिस पर इनका इन दिनों कारोबार किया जाता है। इसी उद्देश्य से गैर व्यापारिक लिखतें अर्थात वैसी लिखतों, जिनका सात दिनों तक व्यापार नहीं किया जाता है, का मूल्यांकन लागत और दिन के आरंभ तक उपचित ब्याज तथा प्रतिदान मूल्य एवं लिखतों की शेष परिपक्वता अवधि पर एक समान विभाजित लागत के बीच के अंतर के आधार पर किया जाता है ।

(vi) उपरोक्त (i) से (v) तक के अनुसार परिकलित निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्य ह्रास, यदि कोई हो को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है।

XII. लेखा नीतियां

1. आय की मान्यता

(i) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय भूतपूर्व लाभांश तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है । अनूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है ।

(ii) निवेशों पर ब्याज का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है ।

(iii) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर की जाती है ।

(iv) प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है ।

(v) जब कोई विकास नहीं हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है । विकास के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन ऐसे निवेशों की लागत में से कम किया जाता है ।

(vi) शेयरों एवं डिबेंचरों में किए गए निवेशों से प्राप्त ऋण सम्बन्धी प्रारम्भिक शुल्क ऐसे निवेशों की लागत में से कम कर दिया जाता है । वितरण के प्रथम वर्ष में ऋण से प्राप्त ऋण सम्बन्धी प्रारम्भिक शुल्क की पहचान आय के रूप में की जाती है ।

(vii) डिबेंचरों, बांडों, के प्रतिदान पर प्रीमियम मुनाफा एवं अन्य विविध आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है ।

(viii) पिछली दो या अधिक तिमाहियों से बकाया ब्याज आय के सन्दर्भ में प्रावधान किया जाता है । एक से अधिक लेखा वर्षों से बकाया लाभांश पूर्ण रूप से प्रदान किया जाता है ।

2. व्यय

(1) व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है ।

(2) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25 (4) के प्रावधानों द्वारा दी गई शक्तियों के अनुसार न्यासी मण्डल द्वारा निर्धारित आधार पर यूनिट योजना 1964 के अन्तर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का विनिधान अन्य योजनाओं पर किया जाता है ।

(3) नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना, 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए न्यासी मण्डल द्वारा निर्धारित पट्टा किराया अन्य योजनाओं से वसूल करती है ।

3. आस्थगित राजस्व व्यय

